डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 30.12.2024 से 05.01.2025 ▶ वर्ष-42 ▶ अंक-01 ▶ मूल्य ₹ 10.00

संक्षिप्त खबर

मध्यप्रदेश ने किया अनुकूल वातावरण का निर्माण

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में यंग आंत्रप्रेन्योर समिट-2024 में युवा उद्यमियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत, युवा उद्यमियों के परिश्रम से विश्व पटल पर एक अलग पहचान बना रहा है। विश्व में हमारे देश में सबसे अधिक युवा शक्ति है। हमारे देश के युवाओं के भविष्य की तरफ बढ़ते हुए कदम देश को विकास के पथ पर तेज गति से आगे ले जा रहे हैं। स्वरोज़गार को बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। निवेश और स्टार्ट-अप को सरकार के द्वारा लगातार प्रोत्साहन देकर मदद की जा रही है। हम विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था हैं तथा तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं।

मध्यप्रदेश वर्ष-2025 तक होगा टीबी मुक्त

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में टीबी मुक्त अभियान के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिला स्तर पर जरूरी निर्देश भी जारी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश को पूरी तरह टीबी मुक्त किया जाएगा। इस दिशा में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में 2 हजार से अधिक ऐसी ग्राम पंचायत हैं जो पूर्णत: टीबी मुक्त हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन जिले की 56 ग्राम पंचायत को भी टीबी मुक्त घोषित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मिशन को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए वर्ष 2025 तक मध्यप्रदेश को पूर्ण रूप से टीबी मुक्त बनाया जाएगा।

वन विहार, भोपाल में गुजरात से आए दो गिर शेर

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की धरती पर गिर के शेरों का स्वागत करते हुए प्रदेशवासियों और वन विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने वन विहार की 'जंगल बुक' में दो गिर के शेरों की दस्तक पर प्रसन्नता व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भोपाल के वन विहार में एनीमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत सक्करबाग -ज़ू जूनागढ़ (गुजरात) से दो प्योर ब्रीड एशियाटिक लॉयन के आने से 16 वर्ष पुराना सपना साकार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब निश्चित ही प्रदेश में शेरों का कुनबा बढ़ेगा और पर्यटन तथा रोज़गार के नए द्वार खुलेंगे।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री ने अटल जी की 100वीं जयंती पर देश की पहली केन-बेतवा राष्ट्रीय परियोजना का किया शिलान्यास

केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में खुलेंगे समृद्धि और खुशहाली के नये द्वार - प्रधानमंत्री

- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी की जयंती सुशासन और हमारी सुप्रेरणा का दिन।
- केन-बेतवा लिंक परियोजना अटल जी के विजन का है परिणाम।
- अटल जी की स्मृति में डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी किया।
- मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदनों का भूमि-पूजन।
- प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का किया लोकार्पण।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने केन और बेतवा नदी के पवित्र जल को प्रतीक स्वरूप प्रवाहित कर परियोजना का शुभारंभ किया

बुंदेलखण्ड में होगी पर्याप्त सिंचाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के संदर्भ में आधुनिक युग के भगीरथ हैं, जिस प्रकार राजा भगीरथ के प्रयासों से अवतरित हुई गंगा जी ने सभी को नया जीवन प्रदान किया था, उसी प्रकार प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत में नए युग का सूत्रपात किया है। सकारात्मक सोच और प्रयासों से 10-12 साल में किस प्रकार परिस्थितियों में सुधार होता है, प्रधानमंत्री श्री मोदी का कार्यकाल इसका श्रेष्ठ उदाहरण है। हम सब इसके प्रत्यक्षदर्शी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी प्रकार से संपन्न वीरों की भूमि बुंदेलखंड, सूखे से सदैव प्रभावित रहा।

छतरपुर, पिछले एक वर्ष में मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। मध्यप्रदेश में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करती हुई देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा का यहां शिलान्यास हुआ है। यह बात प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने खजुराहो में आयोजित देश की पहली केन-बेतवा राष्ट्रीय परियोजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये कही। प्रधानमंत्री ने देश के पहले फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, ओंकारेश्वर का भी शिलान्यास किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के विकास में अटल जी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। वे सुशासन के प्रतीक थे। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण प्रारंभ हो रहा है, जिसकी पहली किश्त भी जारी की गई है। उन्होंने कहा कि सुशासन हमारी सरकार की पहचान है।

हमारे लिए जनहित, जनकल्याण और विकास सर्वोपरि है। हम जन सामान्य के लिए समर्पित हैं।

बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र ने बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है, परंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने जल संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला। आजादी के सात दशक बाद भी राज्यों के बीच नदियों के जल के लेकर विवाद चलते रहे, परंतु उन्हें दूर करने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जब अटल जी की सरकार बनी तो उन्होंने नदी जोड़ो के रूप में इसका स्थाई हल निकाला और कार्य भी शुरू कर दिया गया, परन्तु 2004 के बाद वह बंद कर दिया गया। अटल जी का नदी जोड़ने का सपना मध्यप्रदेश की भूमि पर साकार होने जा रहा है।

याद किया जाएगा यह दशक

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में यह दशक जल सुरक्षा और जल संरक्षण के दशक के रूप में याद किया जाएगा। देश में पिछले सात दशक में सिर्फ 3 करोड़ परिवारों के पास नल से जल पहुंचता था। हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में 12 करोड़ नए परिवारों तक नल से जल पहुंचाया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए देशभर में 2100 वॉटर क्वालिटी लैब बनाए गए हैं और 25 लाख महिलाओं को शिक्षित किया गया है।

मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी के उपयोग में अग्रणी राज्य

भोपाल, राज्य में ड्रोन टेक्नोलॉजी के लिए बेहतर तंत्र विकसित करने और ड्रोन नीति पर विचार विमर्श के लिए कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। 'शासन में ड्रोन का उपयोग एवं मध्यप्रदेश में ड्रोन पारिस्थितिक तंत्र का विकास' विषय पर हुई कार्यशाला में ड्रोन प्रौद्योगिकी के व्यापक अनुप्रयोगों पर चर्चा की गयी।

सर्वेयर जनरल ऑफ इंडिया श्री हितेश कुमार मकवाना, अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी श्री संजय दुबे, प्रबंध निदेशक एमपीएसईडीसी श्री आशीष वशिष्ठ ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इसी दौरान ड्रोन केन्द्र सूचना पोर्टल https://drone.mp.gov.in/ भी लॉन्च किया गया। सर्वेयर जनरल श्री मकवाना ने कहा कि भारत में पिछले छ: वर्षों में ड्रोन प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है।

ड्रोन के शुरुआती उपयोग से आज इसके व्यापक उपयोग तक ड्रोन एक उपयोगी उपकरण के रूप में उभरा है। भारत सरकार ने ड्रोन टेक्नोलॉजी के व्यापक उपयोग के लिये ड्रोन नीति बनाई है। मध्यप्रदेश ड्रोन टेक्नोलॉजी उपयोग में अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है। राज्य ने स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में ड्रोन टेक्नोलॉजी का उपयोग कर विशेष उपलब्धि हासिल की है।

प्रदेश में मिलेट्स उत्पादन को किया जाए प्रोत्साहित

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में मोटे अनाज अर्थात मिलेट्स के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विशेषज्ञ और विभागीय अधिकारियों की समिति बनाकर कार्य-योजना विकसित की जाए। समिति में कृषक प्रतिनिधियों को भी अनिवार्यत: शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोटे अनाजों के उत्पादन से फसल लेने की लागत में कमी आएगी और कृषकों की आय में वृद्धि होगी। यह पहल किसानों के सामाजिक आर्थिक स्तर में सुधार लाने और खेती को लाभ के व्यवसाय के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में तिलहन और दाल उत्पादन को बढ़ाने के लिए भी कृषकों को प्रेरित किया जाए। इसके लिए कृषकों को नवीन कृषि तकनीक, उन्नत बीज, उपयुक्त उर्वरक और कीटनाशक संबंधी मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में धान का क्षेत्राच्छादन साधन 36 लाख 33 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में है और उपार्जन के लिए 7 लाख 76 हजार किसान पंजीकृत हैं।

आदर्श, श्रेष्ठ और नवाचार आधारित कृषि कार्यों में संलग्न कृषक सम्मानित भी किए जाएं

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में हुए मंथन शिविर में विभिन्न प्रेजेंटेशन देखे। प्रेजेंटेशन देखने के उपरांत मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण के संबंध में कृषि सचिव के प्रेजेंटेशन के पश्चात कहा कि किसान संगठनों से भी चर्चा कर सुझाव प्राप्त किए जाएं। मत्स्य-पालन और पशुपालन के लिए किस तरह सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए संभाग स्तर पर मेले लगाकर कई कृषि तकनीक और लाभकारी फसलों की जानकारी दी जाए, बेस्ट प्रेक्टिसेज अपनाई जाएं। अन्य राज्यों में कृषि क्षेत्र के श्रेष्ठ कार्यों का अध्ययन कर राज्य में लागू करें।

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री ने आधारभूत संरचना को सशक्त करने पर बल दिया है। मुख्य सचिव ने रिफार्म, परफार्म, ट्रांस्फार्म और इन्फार्म की प्रक्रिया का महत्व बताते हुए त्वरित प्रतिक्रिया और निर्णय को आवश्यक बताया।

इन कार्यों पर भी दिये निर्देश

मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ला से कहा कि मध्यप्रदेश में बड़े नगरों और महानगरों में अधोसंरचना विकास की दृष्टि से भारत सरकार से अधिकतम सहयोग प्राप्त करने के प्रयास हों। अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव के नवकरणीय ऊर्जा विभाग के प्रेजेंटेशन के बाद निर्देश दिए कि एक लाख किसानों को सौर ऊर्जा पम्प के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अभियान संचालित करें। उद्योग के प्रेजेंटेशन के बाद मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि संभाग स्तर की अगली कॉन्क्लेव 16 जनवरी को शहडोल में होगी। पहले हुए कॉन्क्लेव में निवेश से संबंधित निर्णयों और प्रस्तावों का फॉलो-अप लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मध्यप्रदेश आने की सहमति दी है। यह समिट अपेक्षा से अधिक सफल होगी।

21 दिसम्बर

चीन सीमा पर भारत तैनात करेगा 'वज्र' तोप

● भारत लगातार अपनी सैन्य शक्ति को सशक्त कर रहा है। इसी कड़ी में भारत

सरकार जल्दी ही 100 वज्र तोपें खरीदने वाली है। इसे भारतीय कंपनी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एलएंडटी) स्वदेश में ही बनाएगी। इन तोपों को चीन से लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तैनात किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए 100 के9 वज्र तोपों की खरीद के लिए एलएंडटी के साथ 7,628 करोड़ रुपये के अनुबंध को मंजूरी दी। अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह स्वचालित तोप उच्च सटीकता के साथ लंबी दूरी तक हमला करने में सक्षम है। इसे सेना की जरूरतों के अनुसार डिजाइन किया गया है।

● चीन की एक कंपनी ने एक विमान के प्रोटोटाइप का सफल परीक्षण किया है, जिससे केवल सवा दो घंटे में दिल्ली से न्यूयॉर्क पहुंच सकते हैं। विमान का नाम जिनदाऊ 400 रखा गया है। परीक्षण के दौरान इस विमान ने 65,600 फीट से अधिक की ऊंचाई पर ध्वनि से चार गुना अधिक यानी मैक चार या 3,045 मील प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरी। यह रफ्तार नासा के 'सन ऑफ कानकार्ड' से तीन गुना अधिक है। कंपनी का लक्ष्य विमान को वर्ष 2027 तक अपनी पहली उड़ान के लिए तैयार करना है। विमान में 'रैमजेट' इंजन है जो हवा से ही ऑक्सीजन लेकर ईंधन के तौर पर उसका उपयोग करता है। इस कारण विमान को ईंधन नहीं ले जाना पड़ता है।

22 दिसम्बर

चुनाव के ई-दस्तावेजों को लेकर सरकार ने किया बदलाव

● केंद्र सरकार ने चुनाव संचालन नियमों में ई-दस्तावेजों को लेकर बदलाव किया है। इसके तहत सीसीटीवी कैमरा और वेबकास्टिंग फुटेज तथा उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज सार्वजनिक निरीक्षण के दायरे से बाहर कर दिए गए हैं। सरकारी सूत्रों ने कहा कि ऐसा इनका दुरुपयोग रोकने के लिए किया गया है। निर्वाचन आयोग के एक अफसर ने कहा, फुटेज सहित सभी दस्तावेज उम्मीदवारों के लिए उपलब्ध हैं। अन्य लोगों को कोर्ट के आदेश से ही इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड मिलेंगे।

● आने वाले समय में पंजीकृत विक्रेताओं से पुरानी कार खरीदना महंगा हो जाएगा। इसका कारण यह है कि जीएसटी काउंसिल ने पुरानी छोटी कारों (1200 सीसी क्षमता एवं चार मीटर से कम लंबाई वाली) के साथ पुरानी इलेक्ट्रिक कार की बिक्री पर अब 12 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का फैसला किया है। हालांकि, व्यक्तिगत रूप से कार की खरीद-बिक्री करने पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। यह जीएसटी पुराने वाहन के कुल मूल्य की बजाय केवल पंजीकृत विक्रेता के मार्जिन पर लगेगा। इसके अलावा, काउंसिल ने तय समय में बकाया या मासिक किश्त (ईएमआई) का भुगतान करने में विफल रहने पर लगने वाले पीनल चार्ज या दंडात्मक शुल्क पर लगने वाले जीएसटी को हटा दिया है।

23 दिसम्बर

गुजरात में बनेगा देश का पहला सहकारिता विश्वविद्यालय

● गुजरात के आणंद में देश का पहला सहकारिता विश्वविद्यालय बनेगा। इसका नाम अमूल के संस्थापक सहकारी आंदोलन के जनक श्री त्रिभुवन दास पटेल के नाम पर त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय होगा। इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट (इरमा) को ही सहकारिता विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. वर्गिस कुरियन ने 1979 में इरमा की स्थापना की थी। संसद में विधेयक के जरिए विश्वविद्यालय की स्थापना होगी।

● भारत, चीन सरहद पर नया हाईवे बनने जा रहा है। उत्तराखंड से लगती चीन की सीमा से 30 किलोमीटर की दूरी पर बॉर्डर (एलएसी) के समानांतर करीब 100 किलोमीटर लंबे हाईवे का निर्माण होगा। चमोली जिले के ग्लवादम कस्बे से शुरू होकर जोशीमठ के समीप तपोवन पर मिलेगा। यह हाईवे 7120 मीटर ऊंचे त्रिशूल पर्वत के नीचे से गुजरेगा। इस सड़क का निर्माण सीमा सड़क संगठन द्वारा किया जाएगा। इस हाईवे के निर्माण पर करीब 900 करोड़ रुपये की लागत आएगी। हाईवे के बनने से सेना की आवाजाही तेज व आसान होगी। साथ ही यह उत्तराखंड में पर्यटन के नए रास्ते भी खोल देगा।

24 दिसम्बर

केंद्र सरकार ने 'नो डिटेंशन पॉलिसी' की खत्म

● केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'नो डिटेंशन पॉलिसी' खत्म कर दी है। अब कक्षा 5वीं-8वीं की वार्षिक परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को पास नहीं किया जाएगा। पहले फेल होने वाले छात्रों को पास कर अगली कक्षा में प्रमोट कर दिया जाता था। फेल होने वाले छात्रों को दो माह में दोबारा परीक्षा देने का मौका मिलेगा। अगर कोई छात्र दोबारा फेल होता है, तो उसे प्रमोट नहीं किया जाएगा। सरकार की ओर से जारी राजपत्र में यह स्पष्ट किया गया है कि रोके गए छात्रों की एक सूची विद्यालय प्रशासन को बनानी होगी। स्कूल प्रशासन एवं शिक्षकों को उन छात्रों पर विशेष ध्यान देना होगा और समय-समय पर उनकी प्रगति की समीक्षा करनी होगी।

● देश में वर्ष 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू होने के बाद कैंसर मरीजों को त्वरित इलाज मिलने के मामलों में तेजी आई है। पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च चंडीगढ़ के शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में यह दावा किया है। साथ ही सुझाव दिया कि योजना में कैंसर पैकेज का विस्तार किया जाए ताकि लागत व प्रभावी उपचार शामिल हो सकें। इसके साथ ही स्क्रीनिंग कार्यक्रमों के तहत जनसंख्या कवरेज बढ़ाया जाए।

25 दिसम्बर

प्राइवेट ट्रेनों के विलंब पर यात्रियों को नहीं मिलेगा हर्जाना

● भारतीय रेलवे खान-पान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने प्राइवेट ट्रेनों के विलंब पर यात्रियों को हर्जाना देने की योजना को बंद कर दिया है। हालांकि आईआरसीटीसी ने इस योजना को बंद करने की वजह नहीं बताई है। इस योजना के बंद होने के बाद प्राइवेट ट्रेनों के विलंब होने पर यात्रियों को हर्जाना नहीं मिल रहा है। आईआरसीटीसी ने बताया कि इस योजना के तहत चार अक्टूबर 2019 से 16 फरवरी, 2024 तक यात्रियों को 26 लाख रुपये हर्जाने के तौर पर दिये जा चुके हैं, इनमें से 15.65 लाख रुपये का हर्जाना सिर्फ वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए दिया गया था। इस योजना को 15, फरवरी 2024 से ही बंद कर दिया गया था।

● केंद्रीय दूरसंचार विभाग ने कहा है कि सभी दूरसंचार कंपनियां विदेश से फोन कॉल आने पर मोबाइल स्क्रीन पर 'इंटरनेशनल कॉल' प्रदर्शित करें। विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया कि विभाग चाहता है कि सभी कंपनियां इस संबंध में कदम उठाएं ताकि साइबर धोखाधड़ी पर लगाम लगाई जा सके। दरअसल दूरसंचार विभाग ने विदेश से आने वाली धोखाधड़ी संबंधी फोन कॉल्स से निपटने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की थी। इस टास्क फोर्स ने सिफारिश की थी कि विदेश से आने वाली फोन कॉल मोबाइल फोन पर इंटरनेशनल कॉल के रूप में प्रदर्शित होने चाहिए, ताकि उपभोक्ता किसी भी तरह की धोखाधड़ी से बच सके।

26 दिसम्बर

रक्षा मंत्रालय ने जारी की राष्ट्रपर्व वेबसाइट और मोबाइल एप

● केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय त्योहारों की जानकारी तक आम नागरिकों की पहुंच आसान बनाने के लिए राष्ट्रपर्व वेबसाइट और मोबाइल एप लॉन्च किया है। यह ऐप और वेबसाइट गणतंत्र दिवस, बीटिंग रिट्रीट समारोह, स्वतंत्रता दिवस आदि जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के आयोजन से संबंधित जानकारी, सीधा प्रसारण, टिकटों की खरीद, बैठने की व्यवस्था और कार्यक्रमों के रूट-मैप आदि से संबंधित जानकारी प्रदान करेगी। केंद्रीय रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित राष्ट्रपर्व वेबसाइट और मोबाइल एप में झांकी के प्रस्तावों और कार्यक्रमों से संबंधित ऐतिहासिक डेटा के प्रबंधन की भी व्यवस्था है। इसमें राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों, मंत्रालयों और विभागों को गणतंत्र दिवस समारोह के लिए अपनी झांकियों को डिजाइन करने और अंतिम रूप देने में सुविधा प्रदान करने के लिए एक झांकी प्रबंधन पोर्टल भी होगा।

● केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने जवानों के लिए अपनी ट्रांसफर पॉलिसी में बदलाव किया है। नई पॉलिसी के तहत सीआईएसएफ के गैर राजपत्रित अधिकारी और जवान अब अपनी मनचाही पोस्टिंग करवा सकेंगे। इस नीति के तहत पति-पत्नी को एक ही शहर में पोस्टिंग दी जाएगी। सीआईएसएफ ने बताया कि उसने यह पॉलिसी लागू करने से पहले एक सैंपल सर्वे किया था। इन सर्वेक्षणों में सामने आई कमियों को सुधारने के बाद यह पॉलिसी लागू की जाएगी।

27 दिसम्बर

राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को प्रदान किए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

● राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वितरित किए। इस वर्ष 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए चुना गया है। इनमें 7 बालक और 10 बालिकाएं शामिल हैं। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 7 वर्गों में दिए गए हैं। इनमें कला एवं संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सामाजिक कार्य, खेल और पर्यावरण शामिल है। समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने देश के तीन वर्षीय शतरंज खिलाड़ी अनीश सरकार को खेल कैटेगरी में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से नवाजा। अनीश फिडे शतरंज रैंकिंग हासिल करने वाले विश्व के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1996 से देश में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। पहले इस पुरस्कार के विजेता बच्चों को गणतंत्र दिवस पर सम्मानित किया जाता था।

● वित्तीय धोखाधड़ी से बचाने और सटीक नेविगेशन जैसे कार्यों में क्वांटम तकनीक की तेजी से बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए इस तकनीक को देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ाया जाएगा। इस संबंध में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद और राष्ट्रीय क्वांटम मिशन ने मिलकर स्नातक स्तर के लिए क्वांटम तकनीक से जुड़ा एक कोर्स लॉन्च किया है। अब कोई भी विद्यार्थी अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ अतिरिक्त विशेषज्ञता के रूप में क्वांटम की पढ़ाई कर सकेगा। एआईसीटीई ने इसके साथ ही देशभर के सभी तकनीकी संस्थानों को इस कोर्स को अपनाने और विद्यार्थियों को इसकी शिक्षा के लाभ से परिचित कराने को कहा है। एआईसीटीई ने कहा कि इस पाठ्यक्रम को शुरू करने का उद्देश्य आने वाली क्वांटम क्रांति के लिए देश में पर्याप्त मैन पावर तैयार करना है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के छिन्दवाड़ा, धार, रतलाम राजगढ़ एवं नीमच में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालयीन समय में संपर्क करें

0755-2760006

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

वर्ष 42, अंक 01 30.12.2024 से 05.01.2025

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने में स्व-सहायता समूह की है बड़ी भूमिका

मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। महिलाओं का अपना स्वयं का स्व-रोज़गार हो और वे अपना काम शुरू कर आर्थिक रूप से संपन्न हो सकें इसी उद्देश्य से प्रदेश में मध्यप्रदेश आजीविका मिशन के माध्यम से स्व-सहायता समूहों का संचालन किया जा रहा है। खास बात यह कि प्रदेश में 50 लाख से अधिक महिलाएं स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं और अब वे परिवार को आर्थिक मदद करने में भी सक्षम बन गई हैं। अब तक प्रदेश में शहरी क्षेत्रों में 9318 स्व-सहायता समूहों का गठन कर 9000 से अधिक शहरी गरीब परिवारों को स्व-सहायता समूहों से जोड़ा गया है। इसके साथ ही स्व-सहायता समूह को आर्थिक रूप से मजबूती देने के लिये 642 एरिया लेवल फेडरेशन का गठन और 34 सिटी लेवल फेडरेशन का गठन किया गया है।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने 6720 स्व-सहायता समूहों को आवर्ती निधि राशि के रूप में करीब 6 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि प्रदाय की है। स्वरोज़गार कार्यक्रम अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत व्यक्तिगण ऋण में 5723 हितग्राहियों को लगभग 77 करोड़ रुपये और समूहगत ऋण के रूप में 396 स्व-सहायता समूहों को 11 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। प्रदेश में शहरी क्षेत्र के 3581 स्व-सहायता समूहों का बैंक लिंकेज कर 21 करोड़ 50 लाख रुपये का ऋण बैंकों के माध्यम से वितरित किया गया है।

शहरी स्व-सहायता समूहों को नगरीय विकास विभाग और अन्य केन्द्रीय योजनाएं जिनमें अमृत 2.0 में अमृत मित्र के रूप में जोड़ा गया है। स्व-सहायता समूह के सदस्य जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और सेनिटेशन जैसी गतिविधियों में भी मदद कर रहे हैं। अमृत 2.0 योजना में अमृत मित्र कार्यक्रम के अंतर्गत 10 नगरीय निकाय जबलपुर, भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, छतरपुर, ग्वालियर, रीवा, छिंदवाड़ा, धार और देवास में 20 स्व-सहायता समूहों को 56 लाख रुपये के कार्यादेश दिये गये हैं। दूसरे चरण में प्रदेश के 45 निकायों का चयन किया जा चुका है। इन महिला स्व-सहायता समूहों को जल गुणवत्ता परीक्षण और सार्वजनिक पार्क संचालन और संधारण की जिम्मेदारी का कार्य सौंपा गया है। स्वच्छ भारत मिशन में 166 स्व-सहायता समूह सेनिटेशन और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्य से जुड़े हुए हैं।

प्रदेश में शहरी स्व-सहायता समूहों को केन्द्र सरकार की उद्यानिकी विभाग की योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना (पीएमएफएमई) से भी जोड़ा गया है। योजना में सीड केपिटल घटक में 126 स्व-सहायता समूह के 708 सदस्यों को एरिया लेवल फेडरेशन के माध्यम से 3 करोड़ रुपये खाद्य प्रसंस्करण संबंधी गतिविधियों के लिये दिये जा चुके हैं। नगरीय निकायों ने इसी योजना के दूसरे चरण में 103 स्व-सहायता समूहों के 600 सदस्यों को फेडरेशन के माध्यम से उद्यानिकी गतिविधियों के लिये करीब 2 करोड़ रुपये के प्रस्ताव स्वीकृति के लिये भेजे हैं। शहरी क्षेत्रों में स्व-सहायता समूहों को खाद्य प्र-संस्करण से संबंधित गतिविधियों का लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही इन समूहों में शहरी क्षेत्र की महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

नासा के वैज्ञानिकों द्वारा बनाये गये स्पेसक्राफ्ट को सूर्य का प्रकाश भी नहीं कर पाएगा प्रभावित

सूर्य का तापमान मापने के लिये नासा के वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा प्रयास अब पूरा होता दिखाई दे रहा है। नासा के वैज्ञानिक सूरज का तापमान मापने के बेहद करीब जा पहुंचे हैं। दरअसल नासा के वैज्ञानिकों द्वारा 12 अगस्त 2018 को एक स्पेसक्राफ्ट को लॉन्च किया गया था। इस स्पेसक्राफ्ट का नाम पार्कर सोलर प्रोब रखा गया है। आश्चर्य की बात यह है कि सूर्य का इतना तेज प्रभाव होने के बाद भी यह स्पेसक्राफ्ट सफलतापूर्वक सूर्य के बेहद करीब पहुंच गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह स्पेसक्राफ्ट अपने आप में बहुत खास है जिस पर सूर्य की रोशनी के प्रभाव से कोई नुकसान होना संभव नहीं है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह स्पेसक्राफ्ट इतना खास है कि बाहर 930 डिग्री तापमान हो जाये तब भी इसका कुछ नहीं होता और अंदर इसमें बिल्कुल एयर कंडीशनर जैसा फील होता है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक, पार्कर सोलर प्रोब को ऐसा डिजाइन किया गया है कि इस पर 1,700 डिग्री फॅरेनहाइट यानी 870 से 930 डिग्री सेल्सियस तापमान का भी कोई असर नहीं होता। इसके सारे उपकरण सामान्य तरीके से काम करते हैं। लेकिन ठीक उसी वक्त अंदर का तापमान सामान्य कमरे के तापमान के बराबर होता है। नासा के वैज्ञानिकों का दावा है कि अगर तापमान 2,500 डिग्री फॅरेनहाइट यानी 1,377 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाए तो भी पार्कर सोलर प्रोब उसे सहन कर सकता है, इसमें कोई खराबी नहीं आएगी।

अगर हम पार्कर सोलर प्रोब की खासियत की बात करें तो यह अपने आप में विशेष है। पार्कर सोलर प्रोब को 4.5 इंच मोटी कार्बन कंपोजिट शील्ड से बनाया गया है। इसकी सतह 11.43 सेंटीमीटर मोटी है। इसमें चार उपकरण लगे हुए हैं। एक उपकरण चुंबकीय क्षेत्र का अध्ययन, दूसरा सूर्य के प्लाज्मा और एनर्जेटिक पार्टिकल के बारे में बताएगा, तीसरा सूर्य की सबसे करीब से तस्वीर लेगा और चौथा उसके सोलर विंड के बारे में जानकारी एकत्रित करेगा। उल्लेखनीय है कि नासा ने जब इस स्पेसक्राफ्ट को लॉन्च किया था तब इसका वजन 685 किलोग्राम से अधिक था। यह स्पेसक्राफ्ट लगभग 6 लाख 90 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ रहा है। यह ध्वनि की स्पीड से भी 550 गुना अधिक है। वैज्ञानिकों के अनुसार इसकी रफ्तार का आकलन ऐसे लगाया जा सकता है कि यह वॉशिंगटन डीसी से टोक्यो का सफर महज एक मिनट से भी कम समय में करने में सक्षम है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

अटल जी के नदी जोड़ो स्वप्न से मिली जनगण को सौगात

**उजियारे में, अंधकार में,
कल-कछार में, बीच धार में,
क्षणिक जीत में दीर्घ हार में,
जीवन के शत-शत आकर्षक,
अरमानों को ढलना होगा,
कदम मिलाकर चलना होगा।।**

● डॉ. मोहन यादव

कदम मिलाकर चलने का उद्घोष करने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की आज 100वीं जयंती है। भारत निर्माण के दृष्टा श्रद्धेय श्री अटल जी को शत-शत नमन।

श्रद्धेय अटल जी ने संघ के स्वयंसेवक से लेकर राष्ट्रधर्म के संपादक, जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के दायित्वों के बीच कार्यकर्ताओं की पीढ़ियां निर्मित कीं। व्यक्ति निर्माण, समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण की उनकी परिकल्पना के सभी पक्षों ने देश को आधार प्रदान किया।

धरती को सुजलाम् सुफलाम् करने और समृद्धि के नये आयाम स्थापित करने के लिये श्रद्धेय अटल जी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना की थी। उन्होंने देशभर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जलराशि के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था। उनका सपना था, देशभर की नदियां आपस में जुड़ें और जल की एक-एक बूंद का उपयोग समाज और राष्ट्र के लिये हो। श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जयंती पर आज मध्यप्रदेश में केन-बेतवा से विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना द्वारा जल सुरक्षा का स्थायी समाधान करने की दिशा में महती कदम उठाया जा रहा है।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि आज हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री और वर्तमान पीढ़ी के भागीरथ श्री नरेन्द्र मोदी जी खजुराहो में देश की पहली, महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसी के साथ श्रद्धेय अटल जी का नदियों को आपस में जोड़ने का संकल्प और समृद्धि का सपना मूर्तरूप लेगा। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, सैकड़ों नदियों की विपुल जलराशि से समृद्ध है। प्रदेश की नदियों के आशीर्वाद से यह बहुउद्देशीय परियोजना बुंदेलखंड की जीवन रेखा साबित होगी।

यह परियोजना छतरपुर और पन्ना जिले में केन नदी पर विकसित की जा रही है। इसमें पन्ना टाइगर रिज़र्व में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचाई एवं 2.13 किलोमीटर लंबाई के दौधन बांध एवं 2 टनल का निर्माण होगा। बांध में 2 हजार 853 मिलियन घन मीटर जल का भंडारण किया जायेगा। इसमें दाब युक्त सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश के 10 जिले पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, निवाड़ी, सागर, रायसेन, विदिशा, शिवपुरी और दतिया के लगभग 2 हजार ग्रामों में 8.11 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी और लगभग 7 लाख किसान परिवार लाभान्वित होंगे। मध्यप्रदेश की 44 लाख और उत्तर प्रदेश की 21 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा मिलेगी और 103 मेगावॉट जल विद्युत एवं 27 मेगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। इसका लाभ संपूर्ण मध्यप्रदेश को मिलेगा।

केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत तक सिंचाई के लिये पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली, कृषि, उद्योग और पेयजल के लिये भरपूर पानी उपलब्ध होगा। खेत को पानी मिलने से फसलों का अमृत बरसेगा। किसानों के जीवन में खुशहाली आयेगी और बुंदेलखंड की तस्वीर तथा तकदीर बदलेगी। इस परियोजना से खेती-किसानी, उद्योग, व्यवसाय और पर्यटन को गति मिलेगी जिससे पलायन रुकेगा और नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा। जलराशि की विपुलता के साथ बाढ़ तथा सूखा, दोनों समस्याओं का समाधान होगा।

हमारा संकल्प है विरासत के साथ विकास। इसी लक्ष्य की ओर आगे बढ़ते हुए परियोजना में ऐतिहासिक चंदेलकालीन 42 तालाबों को सहेजने का कार्य किया जायेगा। यह तालाब वर्षाकाल में जल से भर जायेंगे। इससे धरती का जल स्तर बढ़ेगा जिसका लाभ लोगों को मिलेगा।

मध्यप्रदेश कृषि बाहुल्य प्रदेश है। प्रदेश में सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर एक करोड़ हेक्टेयर तक पहुंचाने का हमारा लक्ष्य है। मुझे विश्वास है कि केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से हम

> **'धरती को सुजलाम् सुफलाम् करने और समृद्धि के नये आयाम स्थापित करने के लिये श्रद्धेय अटल जी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व नदी जोड़ो अभियान की संकल्पना की थी। उन्होंने देशभर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जलराशि के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था। उनका सपना था, देशभर की नदियां आपस में जुड़ें और जल की एक-एक बूंद का उपयोग समाज और राष्ट्र के लिये हो। श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश में केन-बेतवा से विश्व की पहली नदी जोड़ो परियोजना द्वारा जल सुरक्षा का स्थायी समाधान करने की दिशा में महती कदम उठाया जा रहा है।'**

इस लक्ष्य को पूर्ण करने में सफल होंगे और बुंदेलखंड की प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। इसी विश्वास के साथ मैंने बुंदेलखंड के किसानों से यह आग्रह किया था कि यहां के सूखे का तोड़ निकल जायेगा, किसी भी हाल में अपनी जमीन मत बेचना। मुझे खुशी है कि मेरा वह विश्वास सही साबित हुआ।

यह हमारे लिये प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश, इस समय जनकल्याण पर्व मना रहा है। अटल जी की 100वीं जयंती पर त्रिपक्षीय अनुबंध से केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना की सौगात प्रदेशवासियों को मिलना अद्भुत संयोग है। मुझे बताते हुए हर्ष है कि कुछ दिनों पूर्व हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना की पहल की थी। इस परियोजना में 21 बांध, बैराज निर्मित किये जाएंगे। परियोजना से प्रदेश के 3217 ग्रामों को लाभ मिलेगा। मालवा और चंबल क्षेत्र में 6 लाख 13 हजार 520 हेक्टेयर में सिंचाई होगी और 40 लाख की आबादी को पेयजल उपलब्ध होगा।

एक साथ प्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को साकार करने का उपक्रम ऐतिहासिक अवसर है। यह हमारे लिये गर्व की बात है कि इतिहास में बुंदेलखंड शौर्य, पराक्रम, वीरता और बलिदान का प्रतीक है। वीरों की भूमि बुंदेलखंड अब नदी परियोजना से विकास की भूमि के रूप में जानी जायेगी।

मुझे बताते हुये आनंद है कि आज ही के दिन प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता और ग्रीन ऊर्जा के प्रति किये गये प्रयास धरातल पर उतरने वाले हैं। पुण्य सलिला मां नर्मदा पर विकसित ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लोकार्पण करेंगे। परियोजना के प्रथम चरण में इस वर्ष अक्टूबर माह से पूर्ण क्षमता से विद्युत उत्पादन प्रारंभ हो गया है।

लोकतंत्र की प्रथम इकाई, ग्राम पंचायत से आरंभ होती है। अटल जी ने गांव को सुशासित और सशक्त बनाने का अभियान चलाया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने, श्रद्धेय अटल जी के स्वप्न को साकार करने के लिये गांव को आत्मनिर्भर, स्वच्छ, समृद्ध और सुशासित बनाने का संकल्प लिया है। प्रत्येक ग्राम पंचायत का अपना भवन हो, इसके लिये प्रधानमंत्री आज मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन करेंगे।

श्रद्धेय अटल जी की 100वीं जन्म जयंती पर आज शुरू होने वाली ऐतिहासिक परियोजनाओं और कार्यों से प्रगति के नये द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड जलशक्ति से संपन्न हो जायेगा और किसान समृद्ध होंगे। इससे समूचे क्षेत्र में खुशहाली आयेगी और युवाओं को नौकरी के लिये पलायन नहीं करना पड़ेगा।

सौभाग्य से यह सब संभव हुआ है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व और डबल इंजन की सरकार से। हमारी सरकार ने पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित कर उद्योगों को छोटे शहरों तक पहुंचाने का नवाचार किया है। यह कार्य और आगे बढ़ेगा। मध्यप्रदेश प्रगति और उन्नति का नया इतिहास रच कर अग्रणी राज्य के रूप में आकार लेगा।

राष्ट्र दृष्टा श्रद्धेय अटल जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से देश को जहां अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंचाया, वहीं भविष्य के लिये नदी जोड़ो परियोजनाओं की संकल्पना से राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया था। उसी पर चलकर मध्यप्रदेश समृद्धि, विकास, निर्माण और खुशहाली का नया अध्याय रचेगा।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, श्रद्धेय अटल जी के संकल्प को पूरा करने खजुराहो आ रहे हैं। मेरा प्रदेशवासियों से आग्रह है कि आप भी हरी-भरी वसुंधरा के लिये होने वाले इस अनुष्ठान में शामिल होकर ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें।

श्रद्धेय अटल जी के जन्म के 100वें वर्ष में देश में पहली बार मध्यप्रदेश में दो नदी जोड़ो परियोजनाओं को साकार करने की पहल पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी को संपूर्ण राष्ट्र की आदरांजलि है।

- लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा-2022 दिनांक 17.11.2024 (रविवार)

परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र.-13144/44/2024/अनु-10 **इंदौर, दिनांक : 24.12.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा-2022** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. विज्ञापन क्रमांक-48/2022/30.12.2022, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 11.05.2023।

1.	विज्ञप्ति क्रमांक-12669/2022/अनु.-6 दिनांक 05.01.2023 (विज्ञापन के संबंध में केविएट याचिका दायर करने के संबंध में सूचना)।
2.	शुद्धि पत्र क्रमांक-01/16/2022 से 53/2022 दिनांक 10.01.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में संशोधन)।
3.	शुद्धि पत्र क्रमांक-02/16/2022 से 51/2022 दिनांक 15.03.2023 (अर्हकारी अंकों में 5 प्रतिशत अंकों की छूट के संदर्भ में)।
4.	शुद्धि पत्र क्रमांक- 03/16/2022 से 53/2022, दिनांक 25.07.2023 सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में संशोधन)।
5.	शुद्धि पत्र क्रमांक-05/48/2022, दिनांक 18.12.2023 (सहायक प्राध्यापक सांख्यिकी हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने संबंधी)।
6.	शुद्धि पत्र क्रमांक-07/16-53/2022 दिनांक 28.03.2024 (संशोधित तिथि विन्यास) (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक।
7.	शुद्धि पत्र क्रमांक-08/18-53/2022 दिनांक 12.04.2024 (संशोधित तिथि विन्यास) (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक।
8.	शुद्धि पत्र क्रमांक-10/19, 20, 22, 32, 43, 45/2022 दिनांक 02.09.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022, 06 विषयों की ऑनलाइन आवेदन पत्र पुनः प्रारंभ करने की सूचना।
9.	शुद्धि पत्र क्रमांक-13/16-53/2022 दिनांक 13.09.2024 (सहायक प्राध्यापक सांख्यिकी हेतु परीक्षा आयोजन की सूचना संबंधी)।
10.	शुद्धि पत्र क्रमांक- 11/48/2022 दिनांक- 10.09.2024 सहायक प्राध्यापक सांख्यिकी परीक्षा-2022 विज्ञापित पदों हेतु मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग की जानकारी।

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा-2022** जिला मुख्यालय इंदौर के केन्द्रों पर दिनांक 17.11.2024 (रविवार) को दो सत्रों प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र सांख्यिकी दोपहर 01:00 से 04:00 बजे तक आयोजित की गई थी।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है -

श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित

क्र.	विवरण	UR	SC	ST	OBC	EWS	TOTAL
(अ)	कुल रिक्तियों की संख्या (TOTAL POST)	2	-	3	-	-	5
(ब)	कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FEMALE)	1	-	1	-	-	2
(स)	कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (ExSer)	-	-	-	-	-	-
(द)	कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH)	(PH-NA)					-

सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा-2022 के परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह **कुल 6** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION

ASSISTANT PROFESSOR EXAM 2022 (STATISTICS)-PART A (MAIN)

ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S. No.	Roll No.	S. No.	Roll No.	S. No.	Roll No.	S. No.	Roll No.	S. No.	Roll No.	S. No.	Roll No.
1.	470007	2.	470010	3.	470032	4.	470036	5.	470038	6.	470073

साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :-

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर **परिशिष्ट प्रपत्र-01**

विज्ञापन क्रमांक : 48/2022/30.12.2022	**पद/परीक्षा का नाम : सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा- 2022**
अनुक्रमांक:-	**अभ्यर्थी का नाम :-**

स.क्र.	दस्तावेज का विवरण	संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक	संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या
1.	उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
2.	उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
3.	उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
4.	व्यक्तिगत विवरण पत्रक-1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
5.	अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
6.	घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी)। 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
7.	हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
8.	हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
9.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 13.04.2024 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
10.	यू.जी.सी. नेट/मध्यप्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
11.	प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों के लिए निर्धारित प्रारूप में अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र (दिनांक 13.04.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
12.	मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
13.	मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोल सील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
14.	आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) **(म.प्र शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)।** (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
15.	म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र-01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
16.	महिला अभ्यर्थियों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
17.	म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
18.	मध्यप्रदेश शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
19.	भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
20.	अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र। (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/पेन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पास बुक की प्रति/शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
21.	दिव्यांग अभ्यर्थी होने की स्थिति में दिव्यांगता के प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 13.04.2024 के पूर्व प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है।)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
22.	यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
23.	आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी 'अभिवचन पत्र' की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यतः प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
24.	अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता हैं।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)		

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर:- ....

05. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 15.01.2025** तक आयोग कार्यालय में प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

06. आयोग की बैठक दिनांक 19.09.2024 के निर्णय क्रमांक-20 के निर्णयानुसार आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा/लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने वाले समस्त प्रकरणों में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होकर साक्षात्कार हेतु अर्ह घोषित किए गए केवल ऐसे आवेदक जिनके अभिलेख आयोग कार्यालय में विलम्ब से प्राप्त होते हैं एवं किसी कारणवश नहीं भेजे जाते हैं तो ऐसे आवेदकों से विलम्ब शुल्क के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख जमा करने हेतु निम्नानुसार राशि निर्धारित की गई है :-

(शेष अगले पृष्ठ पर)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

सहायक प्राध्यापक (नृत्य) परीक्षा-2022 दिनांक 17.11.2024 (रविवार)

परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र.-13140/43/2024/अनु-10 **इंदौर, दिनांक : 24.12.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **सहायक प्राध्यापक (नृत्य) परीक्षा-2022** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. **विज्ञापन क्रमांक-22/2022/30.12.2022 ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 19.03.2023।**

1.	विज्ञप्ति क्रमांक-12632/2022/अनु.-6 दिनांक 05.01.2023 (विज्ञापन के संबंध में केविएट याचिका दायर करने के संबंध में सूचना)।
2.	शुद्धि पत्र क्रमांक-01/16/2022 से 53/2022. दिनांक 10.01.2023 (सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में संशोधन)।
3.	शुद्धि पत्र क्रमांक-02/16/2022 से 51/2022 दिनांक 15.03.2023 (अर्हकारी अंकों में 5 प्रतिशत अंकों की छूट के संदर्भ में)।
4.	शुद्धि पत्र क्रमांक- 03/16/2022 से 53/2022, दिनांक 25.07.2023 सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के विभिन्न विज्ञापनों के संबंध में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में संशोधन)।
5.	शुद्धि पत्र क्रमांक-05/48/2022, दिनांक 18.12.2023 (सहायक प्राध्यापक नृत्य हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने संबंधी)।
6.	शुद्धि पत्र क्रमांक-07/16-53/2022 दिनांक 28.03.2024 (संशोधित तिथि विन्यास) (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक।
7.	शुद्धि पत्र क्रमांक-08/16-53/2022 दिनांक 12.04.2024 (संशोधित तिथि विन्यास) (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 (समस्त विज्ञापित विषयों हेतु) एवं ग्रंथपाल एवं क्रीड़ा अधिकारी के पदों के लिए अतिथि विद्वानों को अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान किए जाने एवं समस्त अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने विषयक।
8.	शुद्धि पत्र क्रमांक-10/19, 20, 22, 32, 43, 45/2022 दिनांक 02.09.2024 (सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022, 06 विषयों की ऑनलाइन आवेदन पत्र पुनः प्रारंभ करने की सूचना।
9.	शुद्धि पत्र क्रमांक-13/16-53/2022 दिनांक 13.09.2024 (सहायक प्राध्यापक नृत्य हेतु परीक्षा आयोजन की सूचना संबंधी)।
10.	शुद्धि पत्र क्रमांक-11/22/2022 दिनांक- 10.09.2024 सहायक प्राध्यापक नृत्य परीक्षा-2022 विज्ञापित पदों हेतु मुख्य भाग एवं प्राविधक भाग की जानकारी।

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **सहायक प्राध्यापक (नृत्य) परीक्षा-2022** जिला मुख्यालय इंदौर के केन्द्रों पर दिनांक 17.11.2024 (रविवार) को दो सत्रों प्रथम प्रश्न पत्र सामान्य अध्ययन प्रातः 10:00 से 11:00 बजे तक एवं द्वितीय प्रश्न पत्र नृत्य दोपहर 01:00 से 04:00 बजे तक आयोजित की गई थी।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है -

श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित							
क्र.	विवरण	UR	SC	ST	OBC	EWS	TOTAL
(अ)	कुल रिक्तियों की संख्या (TOTAL POST)	-	-	2	-	-	2
(ब)	कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FEMALE)	-	-	1	-	-	1
(स)	कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (ExSer)	-	-	-	-	-	-
(द)	कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH)	(PH-NA)					-

सहायक प्राध्यापक (नृत्य) परीक्षा-2022 के परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना + समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह **कुल 02** अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION

ASSISTANT PROFESSOR EXAM 2022 (DANCE)-PART A (MAIN)

ROLL NUMBER WISE LIST OF SELECTED CANDIDATES

S. No.	Roll No.	S. No.	Roll No.
1.	330001	2.	330003

साक्षात्कार के लिए अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :-

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर **परिशिष्ट प्रपत्र-01**

विज्ञापन क्रमांक : 22/2022/30.12.2022	पद/परीक्षा का नाम : सहायक प्राध्यापक (नृत्य) परीक्षा- 2022
अनुक्रमांक:-	अभ्यर्थी का नाम :-

स.क्र.	दस्तावेज का विवरण	संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक	संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या
1.	उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
2.	उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
3.	उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
4.	व्यक्तिगत विवरण पत्रक-1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
5.	अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
6.	घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी)। 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
7.	हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
8.	हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
9.	स्नातक एवं स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 26.09.2024 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
10.	यू.जी.सी. नेट/मध्यप्रदेश राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) उत्तीर्ण प्रमाण पत्र। (दिनांक 26.09.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
11.	प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि विद्वानों के लिए निर्धारित प्रारूप में अध्यापन अनुभव प्रमाण पत्र (दिनांक 26.09.2024 तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
12.	मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
13.	मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोल सील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....
14.	आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) **(म.प्र शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)।** (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति)।	पृष्ठ क्रमांक ..... से ...... तक	....

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की निर्धारित **अंतिम तिथि 15.01.2025** के पश्चात् कार्यालयीन दिवस/समय प्रातः 10:00 से सायं 06:00 बजे तक निम्नानुसार विलंब शुल्क की नगद राशि एम.पी.टी.सी. 6 के माध्यम से आयोग की लेखा शाखा में जमा कराने के पश्चात अभिलेख जमा किए जा सकेंगे।

01.	निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् कार्यालयीन 05 दिवस तक राशि रुपये 3,000/- (तीन हजार मात्र)।	दिनांक 16.01.2025 से 22.01.2025 तक
02.	निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् 10 कार्यालयीन दिवस तक (अर्थात् 06 से 10 दिवस तक) राशि रुपये 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र)।	दिनांक 23.01.2025 से 29.01.2025 तक

उपरोक्तानुसार विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों के पश्चात् डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए आवेदकों के अभिलेख प्राप्त होने पर आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा।

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा-2022 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. सहायक प्राध्यापक (सांख्यिकी) परीक्षा - 2022 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
3. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
05. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 15.01.2025 तक** आयोग कार्यालय में प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा

(शेष पृष्ठ 15 पर)

देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना से बुन्देलखण्ड की बदलेगी तस्वीर और तकदीर

टीकमगढ़, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने टीकमगढ़ जिले की जतारा तहसील में आयोजित जनकल्याण पर्व सह किसान सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि टीकमगढ़ के माथे पर विकास का तिलक लग रहा है। जिले में अब कभी सूखे की समस्या नहीं होगी। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना से टीकमगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे बुन्देलखण्ड की तस्वीर और तकदीर बदलेगी। बहुप्रतीक्षित केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना से वृहद स्तर पर सिंचाई एवं पेयजल सुविधा मिलेगी। साथ ही बिजली उत्पादन, फसलों की पैदावार एवं पर्यटन क्षेत्र में विकास से नागरिकों का जीवन खुशहाल होगा।

मुख्यमंत्री ने 105 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत के 120 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को लड्डू खिलाकर केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमिपूजन के लिये आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिए एक लाख करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ने की परिकल्पना को साकार रूप लेने पर बुन्देलखण्ड हरा-भरा और समृद्धशाली बनेगा और इससे क्षेत्र में होने वाला पलायन भी रुकेगा। मुख्यमंत्री ने आमजनों को वृहद परियोजना के शुभारंभ अवसर पर खजुराहो में आमंत्रित किया और सभी उपस्थितजनों को मुट्ठी बांधकर परियोजना के भूमिपूजन कार्यक्रम में आने का संकल्प दिलाया।

मुख्यमंत्री ने केन-बेतवा लिंक परियोजना का मॉडल और जनकल्याण एवं विकास पर केन्द्रित प्रदर्शनी और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और पुष्प-वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

निवाड़ी में किसान सम्मेलन का आयोजन

केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड के हर खेत तक पहुंचेगा पानी - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनकल्याण पर्व के तहत निवाड़ी में आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित किया

निवाड़ी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवाड़ी में जनकल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिये 2 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाएं सौगात के रूप में दी हैं। इन परियोजनाओं से हर खेत को पानी और हर व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो अभियान के संकल्प को पूरा करने छतरपुर जिले के खजुराहो आए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुन्देलखण्ड के हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचेगा। प्रदेश में बिजली की पर्याप्त आपूर्ति के साथ अब कृषि कार्य, उद्योग और पेयजल के लिए भरपूर पानी भी उपलब्ध होगा। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना से निवाड़ी के साथ संपूर्ण बुन्देलखण्ड का चहुंमुखी विकास भी संभव हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को निवाड़ी जिले के स्थापना दिवस को गौरव दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा भी की।

- **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी आधुनिक भागीरथ।**
- **पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी का स्वप्न खजुराहो में होगा साकार।**
- **प्रतिवर्ष एक अक्टूबर को धूमधाम से मनाया जाएगा निवाड़ी जिले का गौरव दिवस।**
- **महाकाल लोक की तर्ज पर ओरछा में बनेगा अनूठा रामराजा लोक।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना से निवाड़ी जिले के हर खेत में पानी और हर घर तक पेयजल की सुविधा मिलने के साथ पलायन भी रुकेगा और आने वाली पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनेगा। उन्होंने 'रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए न ऊबरे, मोती मानस चून' दोहा के माध्यम से पानी का महत्व एवं उपयोगिता के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खेत को पानी मिलने पर अमृत रूपी फसल की पैदावार सुनिश्चित होती है।

लक्ष्य और दिशा सही हो तो समस्त बाधाएं दूर हो जाती हैं - उप मुख्यमंत्री

भोपाल, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि विन्ध्य में विकास की अपार संभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य किये जा रहे हैं। लक्ष्य और दिशा सही हो तो बाधाएं अपने आप ही दूर हो जाती हैं। जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वह जनता को परिणाम दें। विन्ध्य में हरित, औद्योगिक व पर्यटन क्रांति से आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। वह दिन दूर नहीं जब रीवा जिले की एक-एक इंच भूमि सिंचित होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि नदी जोड़ो अभियान के सार्थक परिणाम सामने आयेंगे और प्रदेश में सम्पन्नता आयेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय रीवा कैम्पस के बलदेव सिंह सभागार में विन्ध्य की उड़ान एवं विन्ध्य विस्तार सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं श्रम मंत्री और रीवा जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल, राज्यमंत्री नगरीय विकास एवं आवास श्रीमती प्रतिमा बागरी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट जनों को शॉल-श्रीफल व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री से मिले एमपी पीएससी के अभ्यर्थी

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से एमपी पीएससी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अभ्यर्थियों की मांगों पर विचार कर रही है। प्रतिनिधिमंडल द्वारा रखी गई मांगों के निराकरण के लिए उचित निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोज़गार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया जारी है, आगामी समय में अधिक पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी होंगे।

शिक्षा में हुए बदलाव की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुंचे

भोपाल, स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने मंत्रालय में टॉस्क फोर्स की बैठक को संबोधित किया। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन से स्कूल शिक्षा में लगातार बदलाव आ रहा है। इन बदलाव की जानकारी जमीनी स्तर तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने शिक्षकों के माध्यम से जानकारी को बच्चों और उनके अभिभावकों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने स्कूलों में पढ़ाई के साथ व्यावसायिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा पर जिन ट्रेडों पर शिक्षा दी जा रही है, उनका लगातार अपडेट किया जाना भी जरूरी है। प्रदेश में अभी कक्षा-1 से नीचे की 4473 प्री-एजुकेशन क्लॉस में बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। इन शालाओं में करीब एक लाख बच्चे दर्ज हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. संजय गोयल ने बताया कि प्रदेश में बच्चों को शिक्षा के दिलचस्प कंटेंट मिलें, इसके लिये शैक्षणिक क्षेत्र की निजी संस्थाओं से एमओयू किया जायेगा। आयुक्त लोक शिक्षण श्रीमती शिल्पा गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिये 13 समितियों का गठन किया गया है। इन समितियों के सुझाव के आधार पर शिक्षा के गुणात्मक सुधार के लिये बेहतर से बेहतर प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये विशेष अभियान चलाते हुए कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के 17 हजार अतिशेष शिक्षकों का युक्ति-युक्तकरण और 20 हजार शिक्षकों की उच्च पद प्रभार से पदपूर्ति की गयी है। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में एनईपी लागू होने के बाद अब तक 50 हजार शिक्षकों की भर्ती की जा चुकी है।

जीएसटी काउंसिल की जैसलमेर में हुई बैठक

जयपुर, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में राजस्थान के जैसलमेर में जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक हुई। मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा सहित अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों ने बैठक में भाग लिया। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बैठक में लाइफ इंश्योरेंस की दरों में परिवर्तन के लिये ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स (जीओएम) के गठन का सुझाव दिया, जिसे जीएसटी काउंसिल ने मान लिया है। अब इस पर निर्णय जीओएम द्वारा किया जायेगा।

कौशल प्रशिक्षण के समन्वय पर कार्यशाला सम्पन्न

भोपाल, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग द्वारा वल्लभ भवन, मंत्रालय में कौशल प्रशिक्षण योजनाओं को आधुनिक युग की मांगों के अनुरूप तैयार करने और अधिकाधिक युवाओं को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में 31 विभागों ने कौशल विकास प्रशिक्षण योजनाओं के आपसी समन्वय पर गहन चर्चा की। कार्यशाला की अध्यक्षता तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार सचिव श्री रघुराज राजेन्द्रन (आईएएस) ने की।

सचिव श्री रघुराज राजेन्द्रन (आईएएस) ने कहा कि आधुनिक समय में कौशल विकास योजनाओं को इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए, जो रोज़गारोन्मुखी हों। उन्होंने कहा कि कौशल विकास को प्रोत्साहित करने के लिए दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को आईटीआई परिसरों का दौरा करवाना चाहिए, जहां वे विभिन्न ट्रेड्स और कॅरियर विकल्पों को समझ सकें। इसके साथ ही विद्यार्थियों के लिए पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लासेस और कॅरियर गाइडेंस प्रोग्राम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि वे अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुरूप अपने कॅरियर की योजना बना सकें। सचिव श्री राजेन्द्रन ने कहा कि स्कूल के बाद विद्यार्थी समानांतर रूप से कई ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

जिलेवार सर्वे कर वाहन मैकेनिक के प्रशिक्षण के लिए प्रयासों को बढ़ाएं

भोपाल, अपनी मातृभूमि के साथ परिवार एवं स्वजनों के प्रति कृतज्ञता का भाव हमेशा बनाए रखें। यह प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। विद्यार्थी, राष्ट्र की धरोहर हैं। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दरसिंह परमार ने क्रिस्प में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु विद्यार्थियों से कही। श्री परमार ने भोपाल स्थित क्रिस्प का भ्रमण कर, संस्थान के विभिन्न विभागों एवं प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया। श्री परमार ने मल्टीमीडिया लैब, वी.एल.एस.आई. सिस्को लैब, पी.एल.सी लैब, हैंडीक्रॉफ्ट एवं बिहेवियर साइंस सहित विभिन्न तकनीकी लैब्स का अवलोकन किया।

श्री परमार ने क्रिस्प के प्रशिक्षणार्थियों से संवाद किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु विद्यार्थियों से संस्थागत प्रबंधन एवं भोजन की जानकारी ली। श्री परमार ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि रोज़गार के अवसर प्राप्त करने के बाद भी, नैतिक दायित्व निर्वाहन को अपनी जीवनशैली में आत्मसात् करें। श्री परमार ने बिल्डिंग ऑटोमेशन स्पेशलिस्ट के प्रशिक्षण की जानकारी भी प्राप्त की, जिसमें भारतीय जलसेना, थलसेना और वायुसेना के जवानों को 3 महीने का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सीहोर जिले के ग्राम जर्रापुर में संत समागम समारोह का आयोजन

नाथ संप्रदाय ने दुनिया को योग का वास्तविक अर्थ समझाया - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीहोर जिले की बुधनी तहसील में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया

सीहोर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधनी तहसील के ग्राम जर्रापुर में आयोजित नाथ संप्रदाय के संत समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के सभी देश, भारत की सनातन संस्कृति को समझने की जिज्ञासा रखते हैं। भारत को जानने के लिए भारत में प्राचीनकाल से चली आ रही सनातन संस्कृति को जानना आवश्यक है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्राचीनकाल से चली आ रही भारत की योग परंपरा को संयुक्त राष्ट्र से पूरे विश्व में मान्यता दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नाथ संप्रदाय ने दुनिया को योग का वास्तविक अर्थ समझाया है। आदि गुरु गोरखनाथ के मार्गदर्शन में योग के विश्व के सर्वाधिक प्रसार में नाथ संप्रदाय का प्रमुख योगदान रहा है।

- दुनिया के सभी देश, भारत की सनातन संस्कृति को समझने की रखते हैं जिज्ञासा।
- स्वयं को जानने की कला गुरु गोरखनाथ ने दुनिया को सिखाई।
- ग्राम जर्रापुर में नर्मदा तट पर घाट बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य की आत्मा में परमात्मा विराजमान हैं। उन परमात्मा को जानने का सबसे सुगम माध्यम योग है। गुरु गोरखनाथ अपनी योग्यता एवं कुशलता से अपने जीवन में आने वाली सभी कठिनाइयों एवं विपरीत परिस्थितियों को भी अपने अनुकूल बना लेते थे। यह सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है। मृत्यु से पहले अपने आप को जानने की कला गुरु गोरखनाथ ने दुनिया को सिखाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि भारत की भूमि पर ऐसे संत हुए हैं, जिन्होंने इस भूमि को अपनी जनकल्याण की भावना से पावन किया है। गंगा अपना अमृत समान जिस प्रकार जल सभी प्राणियों को निस्वार्थ भाव से उनके कल्याण के लिए प्रदान करती है, उसी प्रकार संत अपने जीवन के सभी सुखों को त्याग कर सभी प्राणियों एवं समाज के कल्याण के लिए कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ ने संत श्री भृतहरी के जीवन में आत्म चेतना को जगा कर उनका जीवन बदल दिया था

सागर की लाखा बंजारा झील ने संरक्षण और सौंदर्यीकरण से प्रदेश में बनाई अनूठी पहचान

सागर, सागर शहर की ऐतिहासिक धरोहर लाखा बंजारा झील से सागर शहर की पहचान देश और प्रदेशभर में रही है। यह झील सागर शहर का प्रमुख जलस्रोत भी है। नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के स्मार्ट सिटी मिशन में लाखा बंजारा झील का संरक्षण और सौंदर्यीकरण कार्य 111 करोड़ 33 लाख रुपये की लागत से किया गया है। सागर शहर की यह ऐतिहासिक झील सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा कायाकल्प के बाद अपने इस रोमांचित करने वाले नये स्वरूप में शहरवासियों के सामने उभरकर सामने आयी है। झील किनारे मंदिरों में जलगंगा आरती जैसा आयोजन नागरिकों में धार्मिक और आध्यात्मिक भावना को भी बढ़ाएगा। दूसरी ओर अत्याधुनिक खेल और मनोरंजन जैसी सुविधाएं पर्यटकों को मानसिक एवं शारीरिक सुकून प्रदान करेंगी।

स्मार्ट सिटी परियोजना में 400 एकड़ विशाल क्षेत्र में फैली लाखा बंजारा झील में वैज्ञानिक और तकनीकी रूप से कार्य किया गया है। झील के संरक्षण के लिये हाइड्रोलिक सर्वेक्षण किया गया है। सर्वेक्षण के जरिये झील के विभिन्न स्थलों पर पानी की गहराई, झील की भौतिक, रासायनिक और जैविक विशेषताओं की जानकारी एकत्र की गई है।

झील की जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए झील के जल की गुणवत्ता की लैब में जांच की गई। लैब रिपोर्ट में झील के जल का टर्बिडिटी मान 82 जेटीयू से अधिक पाया गया, जो कि 2.5 जेटीयू से अधिक नहीं होना चाहिए। इस वजह से झील के संरक्षण के लिये झील के पानी को पूरी तरह खाली कर ग्रेविटी के माध्यम से झील के संरक्षण का कार्य शुरू किया गया। झील की परिधि से जुड़े 4 बड़े और 37 छोटे नालों सहित कुल 41 नालों से निकलने वाले दूषित पानी को झील में मिलने से रोका गया। इसके लिये झील परिधि में 5.5 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर नाला टेपिंग का कार्य किया गया। इस प्रकार करीब 2 एमएलडी ग्रेवॉटर सीवरेज गंदे पानी पर रोक लगाई गई है।

डोंगला वेधशाला के उपकरणों की क्षमताओं को बढ़ाया जायेगा

उज्जैन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत प्राचीन काल से ही ज्ञान का उद्गम स्थल रहा है। भारत ने विश्व गुरु की भूमिका निभाते हुए हमेशा विश्व को रास्ता भी दिखाया है। हमारी प्राचीन परंपराओं ने विश्व को नई दिशा दिखाई है। अणु-परमाणु की व्याख्या, ब्रह्मांड के रहस्य, पेड़-पौधों में जीवन का सिद्धांत, सब हमारे दर्शन से ही लिया गया है। हमारे पंचांग इतने सटीक हैं कि वह आज भी सूर्य और चंद्रग्रहण का सटीक समय बताते हैं। भारत आध्यात्म, विज्ञान, खगोल, चिकित्सा जैसे कई क्षेत्रों में विश्व जगत का नेतृत्व करता रहा है। आज भी भारत पूरे विश्व के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव डोंगला वराहमिहिर वेधशाला में आयोजित खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को उज्जैन से वर्चुअल संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री से श्री आर. वेंकटरमानी ने की भेंट

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया श्री आर. वेंकटरमानी ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने पुष्प-गुच्छ और शॉल भेंट कर श्री वेंकटरमानी का अभिवादन किया। स्मृति चिह्न के रूप में राजा भोज की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री ने अटॉर्नी जनरल ऑफ इंडिया को प्रदेश में संचालित जनकल्याणकारी गतिविधियों और क्रियान्वित की जा रही विकास परियोजनाओं की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में विधिक सहायता और विधिक जागरूकता के लिए संचालित गतिविधियों से भी अवगत कराया।

रोज़गार एवं सुव्यवस्थित सहकारी आंदोलन ही हमारा लक्ष्य

भोपाल, सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने समन्वय भवन में आयोजित 'सहकार से समृद्धि' राज्य स्तरीय संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में पैक्स, सभी को रोज़गार और सुव्यवस्थित सहकारी आंदोलन ही हमारा लक्ष्य है। सहकारिता को आगे बढ़ाने के लिये इसका विस्तार पंचायत स्तर पर करना होगा। सहकारिता के हर एक मूल भाव को आत्मसात करते हुए देश को समृद्ध बनाना ही हमारा लक्ष्य है। पैक्स के माध्यम से हर पंचायत तक रोज़गार सृजित हो, इसके लिये बहुउद्देश्यीय पैक्स की अवधारणा गठित की गयी है।

श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। समृद्ध राष्ट्र के लिये समाज को जोड़ने की जरूरत है और समाज को जोड़ने का केवल एक ही प्रकल्प है, सहकारिता। समाज का निर्माण सहकारिता के माध्यम से ही होता है। सभी की भागीदारी के साथ लक्ष्य को साधने का नाम ही सहकारिता है।

श्री सारंग ने कहा कि भागीदारी और बराबरी होने से अच्छे परिणाम निकलने का प्रतिशत बढ़ जाता है। सहकारी आंदोलन को मजबूत बनाने के लिये सभी वर्ग को जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में हर पंचायत में पैक्स का लक्ष्य पूर्ण करने में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो। पैक्स के माध्यम से रोज़गार सृजित हों और सदस्यों को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि पैक्स पशुपालन, मत्स्य-पालन और ऋण वितरण तक ही सीमित नहीं रहे, पैक्स पेट्रोल पम्प और गैस एजेंसी भी चलाये, जिसके पास जगह हो वह शादी हॉल, मैरिज गार्डन भी बनायें, इससे पैक्स मजबूत होगा।

श्री सारंग ने कहा कि अगले साल तक हर पंचायत में पैक्स हो, यही संकल्प लेने की आवश्यकता है। सहकारी आंदोलन को मध्यप्रदेश में स्थापित करने का लक्ष्य है।

श्रीयुक्त श्रीनिवास राव ने कार्यभार ग्रहण किया

भोपाल, श्रीयुक्त श्रीनिवास राव ने भोपाल में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय पहुंचकर उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। मूलत: अकादमिक पृष्ठभूमि से आने वाले श्री राव सदैव शैक्षणिक दायित्वों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने पिछले 20 वर्षों में अपने अध्यापन कार्य से अनेक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सफलता अर्जित करने में मार्गदर्शन दिया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद श्रीयुक्त श्रीनिवास राव ने कहा कि वे टीम भावना के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल में पारदर्शिता के साथ परीक्षा व्यवस्थाओं का संचालन सुनिश्चित करने में सहयोग करेंगे।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव जनवरी-2025 में मनाया जायेगा

भोपाल, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि राज्य स्तरीय युवा उत्सव जनवरी-2025 में मनाया जायेगा। इसमें विभिन्न विधाओं में युवा प्रदर्शन कर सकेंगे। श्री सारंग ने राज्य स्तरीय युवा उत्सव मनाने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। श्री सारंग ने कहा कि विभिन्न विधाओं में हमारे युवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बेहतर तैयारी की जाये। युवा उत्सव में भाषण, विज्ञान मेला, कविता लेखन, कहानी लेखन, समूह लोकगीत, समूह लोकनृत्य और पेंटिंग सहित 7 विधाएं शामिल हैं।

श्री सारंग को बताया गया कि सातों विधाओं के युवा राष्ट्रीय युवा उत्सव में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशा अनुरूप 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 12 से 16 जनवरी के मध्य नई दिल्ली में 28वें राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें जिला स्तर पर 18 से 26 दिसम्बर तक चयन किया जा रहा है।

संभाग स्तर पर 3 से 5 जनवरी तक उत्कृष्ट युवाओं का चयन होगा। राज्य स्तर पर 7 या 8 जनवरी को कार्यक्रम प्रस्तावित है। विजेताओं को समूह विधा में प्रथम आने पर 6 हजार, द्वितीय को 4 हजार और तृतीय को 2 हजार रुपये की राशि प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार एक विधा में प्रथम को 10 हजार, द्वितीय को 6 हजार और तृतीय को 4 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी जायेगी।

तेरह हजार से अधिक मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

ग्वालियर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के एलएनआईपीई में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की शताब्दी जयंती के अवसर पर एम्स के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी जब भारत के प्रधानमंत्री थे तब उन्होंने दिल्ली के एम्स की तर्ज पर भोपाल सहित देश के अन्य राज्यों में एम्स खोलने की शुरुआत की थी, खुशी की बात है उसी भोपाल एम्स की टीम ग्वालियर में आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंद मरीजों का इलाज करने आई है। यह अटल जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य शिविर में बड़ी तादाद में आए मरीजों को ध्यान में रखकर कहा कि ग्वालियर में एम्स खोलने के लिये

राज्य सरकार गंभीरता से पहल करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पिछले 20 साल में स्वास्थ्य सेवाओं में क्रांतिकारी विस्तार किया गया है। वर्ष 2003 तक प्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज और प्रथम वर्ष में सीटों की संख्या मात्र 400 थी। वर्ष 2024 तक प्रदेश में मेडिकल कॉलेज की संख्या 50 हो गई है, जिनमें 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज शामिल हैं। साथ ही एमबीबीएस प्रथम वर्ष में सीटों की संख्या 400 से बढ़कर 5 हजार हो गई है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी 55 जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार नए मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ जिला चिकित्सालयों, प्राथमिक एवं सामुदायिक अस्पतालों को भी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि श्रद्धेय अटल जी गांव, गरीब और किसान के प्रति अत्यंत संवेदनशील थे। हम सबके प्रेरणास्रोत स्व. वाजपेयी जी की जयंती पर मानवता की सेवा के लिये स्वास्थ्य शिविर लगाकर क्षेत्रीय सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने सराहनीय पहल की है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

सनातन परम्परा की रक्षा के लिए गुरु ने साहिबजादों को बलिदान किया

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत भवन में वीर बाल दिवस पर आयोजित साहिबजादों की शहादत गाथा कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन परम्परा की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह ने अपने साहिबजादों को बलिदान कर दिया, परंतु वे झुके नहीं। साहिबजादों द्वारा देश और धर्म के लिए बलिदान हो जाना उनके अवतारी स्वरूप से हमें अवगत कराता है। मुगलों द्वारा क्रूरता की पराकाष्ठा करते हुए अल्पायु बालकों को शहीद कर देना सदियों बाद भी हमें झकझोर देता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमर बलिदानियों की पुण्य-स्मृतियों को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की परम्परा वर्ष 2022 से आरंभ की।

तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति चिंताजनक, समन्वित प्रयास से निकालेंगे हल

भोपाल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि युवाओं में तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति एक गंभीर समस्या है। बच्चों को बचपन में जो संस्कार मिलते हैं, वे जीवनभर उनके साथ रहते हैं। डॉ. सिडाना ने कहा कि एनएचएम, 'उमंग कार्यक्रम' में स्कूलों में तंबाकू नियंत्रण के लिए शिक्षा विभाग के साथ मिलकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगा। एनएचएम कार्यालय भोपाल में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय स्मॉल वर्किंग ग्रुप की बैठक में वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्य योजना पर मंथन किया गया।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न

मध्यप्रदेश में जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2024 स्वीकृत

- क्षिप्रा नदी के तट पर घाट निर्माण की स्वीकृति।
- 11 के.वी. फीडर्स को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किये जाने की स्वीकृति।
- संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल नदी लिंक परियोजना का हुआ प्रशासकीय अनुमोदन।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक को संबोधित किया

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 लागू किये जाने की स्वीकृति दी गई है। महा-रजिस्ट्रार कार्यालय, भारत सरकार से प्राप्त प्रारूप नियम के अनुरूप मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 1999 की विभिन्न धाराओं में संशोधन किया गया है।

मध्यप्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 के मुख्य बिंदुओं में जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र के डिजिटल रजिस्ट्रीकरण और इलेक्ट्रॉनिक परिदान का उपबंध, रजिस्ट्रीकृत जन्म और मृत्यु का राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय डाटाबेस तैयार करना, दत्तक ग्रहण किये गये, अनाथ, परित्यक्त, सरोगेट बच्चे और एकल माता-पिता या अविवाहित माता से बच्चे के रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया को सुगम बनाया जाना आदि शामिल हैं।

जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) अधिनियम, 2023 के प्रारंभ की तारीख को या उसके पश्चात जन्म लेने वाले किसी व्यक्ति के जन्म की तारीख और स्थान को प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण-पत्र उपयोगी है। किसी आपदा या महामारी में मृत्यु के त्वरित रजिस्ट्रीकरण और प्रमाण पत्र जारी करने के लिये विशेष 'उप-रजिस्ट्रार' की नियुक्ति का उपबंध किया गया है। किसी जन्म या मृत्यु के 30 दिन के पश्चात किंतु एक वर्ष के भीतर विलंबित सूचना की दशा में नोटरी या राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत किसी अन्य अधिकारी के समक्ष किसी शपथ-पत्र के स्थान पर स्व-अनुप्रमाणित दस्तावेज को प्रस्तुत करने का उपबंध किया गया है।

संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल नदी लिंक परियोजना के अंतर्गत परियोजना समूह की लागत 28,798 करोड़ 02 लाख रुपये, सैंच्य क्षेत्र 4 लाख 72 हजार 970 हेक्टेयर का प्रशासकीय अनुमोदन प्रदान किया गया। स्वीकृत परियोजनाओं से मध्यप्रदेश में मालवा एवं चम्बल क्षेत्र के 10 जिले गुना, शिवपुरी, मुरैना, उज्जैन, सीहोर, इन्दौर, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर एवं राजगढ़ में कुल 4.73 लाख हेक्टेयर नवीन सिंचित क्षेत्र और चम्बल की दायी मुख्य नहर प्रणाली के आधुनिकीकरण से भिण्ड, मुरैना एवं श्योपुर के 1205 ग्रामों में 3.62 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा आयुष विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय और स्वशासी आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी के 9 महाविद्यालयों में स्नातक प्रशिक्षु (इंटर्नशिप) एवं स्नातकोत्तर अध्येताओं की शिष्यवृत्ति एवं गृह चिकित्सकों के समेकित वेतन की वृद्धि को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से जोड़े जाने की सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है।

सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध होगी

मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश के कृषकों की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रदेश में स्थापित 11 के.वी. फीडर्स को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत (सोलराइजेशन) किये जाने की स्वीकृति दी गई। इसके क्रियान्वयन से किसान को सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध होगी, जिससे उनकी जीवन शैली व्यवस्थित हो सकेगी। सौर संयंत्र से 33/11 किलोवॉट विद्युत वितरण उप केन्द्रों पर स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मर पर ओवर-लोडिंग और परिणामतः लो-वोल्टेज एवं पावर कट की समस्या कम होगी। आगामी सिंहस्थ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए क्षिप्रा नदी के तट पर शनि मंदिर से नागदा बायपास तक 29.215 किलोमीटर लंबाई के घाट-निर्माण कार्य के लिये 778 करोड़ 91 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

फैक्ट फाइल

वन स्थिति रिपोर्ट 2023 जारी - वृक्षारोपण से बढ़ा वन क्षेत्र, परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश बना देश में अग्रणी

भारत वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश बना वन क्षेत्र में देश में नंबर वन

मध्यप्रदेश का वन क्षेत्र देश में सर्वाधिक है। भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023 के अनुसार मध्यप्रदेश में वन क्षेत्र 85,724 वर्ग किलोमीटर है। इसी के साथ प्रदेश वन क्षेत्र की स्थिति में देश में नंबर वन राज्य बन गया है। वनावरण क्षेत्र 77,073 वर्ग किलोमीटर के साथ मध्यप्रदेश अग्रणी है।

वन क्षेत्र की बढ़ोतरी के लिये प्रदेश में निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। विगत दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाये गये। प्रदेश के इंदौर जिले में एक साथ 11 लाख पौधे लगाने का इतिहास रचा गया। मध्यप्रदेश में होने वाले नवाचारों का परिणाम है कि प्रदेश कई योजनाओं के क्रियान्वयन में सबसे आगे है।

प्रदेश में होने वाली कई पहलों को अन्य राज्यों में भी लागू किया गया है। वृक्षारोपण से वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मध्यप्रदेश में होने वाले परिणामों से आज प्रदेश अग्रणी स्थिति में है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2070 तक भारत को शून्य कार्बन उत्सर्जन का संकल्प दिया था। प्रदेश में इसी दिशा में कार्य करते हुये प्रदेश ने वृक्ष आवरण में अग्रणी स्थिति बनाई है।

मध्यप्रदेश वन तथा वृक्ष आवरण दोनों में ही सबसे आगे है। वर्तमान जलवायु परिवर्तन की स्थिति से जूझने के लिये वृक्षारोपण और वृक्ष आवरण ही एक मात्र समाधान है। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव द्वारा जारी यह रिपोर्ट भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा बनाई जाती है, जो उपग्रह आंकड़ों और फील्ड इन्वेंट्री के माध्यम से देश के वन और वृक्ष संसाधनों का व्यापक आकलन करती है।

मुख्य बिंदु

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वन और वृक्ष आवरण के आंकड़े जारी।
- भारत का कुल वन और वृक्ष आवरण 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है।
- मध्यप्रदेश में वन और वृक्ष आवरण 85,724 वर्ग किलोमीटर देश में सर्वाधिक।
- वनावरण में 77,073 वर्ग किलोमीटर के साथ प्रदेश देश में आगे।
- वन और वृक्ष आवरण जलवायु परिवर्तन की स्थिति को कम करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2023

रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल वन और वृक्ष आवरण 8,27,357 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के 25.17 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र को कवर करता है। इसमें वनावरण का क्षेत्रफल 7,15,343 वर्ग किलोमीटर (21.76 प्रतिशत) और वृक्ष आवरण का क्षेत्रफल 1,12,014 वर्ग किलोमीटर (3.41 प्रतिशत) है। वर्ष- 2021 की तुलना में वन और वृक्ष आवरण में 1,445 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें वनावरण में 156 वर्ग किलोमीटर और वृक्ष आवरण में 1,289 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि शामिल है।



सर्वाधिक वन और वृक्ष आवरण वाले राज्य

क्षेत्रफल के आधार पर सर्वाधिक वन और वृक्ष आवरण वाले राज्यों में मध्यप्रदेश (85,724 वर्ग किलोमीटर), अरुणाचल प्रदेश (67,083 वर्ग किलोमीटर) और महाराष्ट्र (65,383 वर्ग किलोमीटर) शामिल हैं। वनावरण के संदर्भ में भी मध्यप्रदेश (77,073 वर्ग किलोमीटर), अरुणाचल प्रदेश (65,882 वर्ग किलोमीटर) और छत्तीसगढ़ (55,812 वर्ग किलोमीटर) शीर्ष पर हैं।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने का महत्वपूर्ण कदम

केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार भारत का कुल कच्छ वनस्पति आवरण 4,992 वर्ग किलोमीटर है। वहीं, बांस धारित क्षेत्र 1,54,670 वर्ग किलोमीटर तक विस्तारित हुआ है, जिसमें पिछले आकलन की तुलना में 5,227 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है।

बाह्य वन वृक्षों से औद्योगिक काष्ठ का वार्षिक संभावित उत्पादन 91.51 मिलियन घन मीटर आंका गया है। कार्बन स्टॉक के संदर्भ में, भारत के वनों में कुल 7,285.5 मिलियन टन कार्बन स्टॉक का आकलन किया गया है, जो पिछले आकलन की तुलना में 81.5 मिलियन टन की वृद्धि दर्शाता है। इसके अलावा, भारत का कार्बन स्टॉक 30.43 बिलियन टन CO_2 समतुल्य तक पहुंच चुका है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- शशांक मणि पांडे

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षा से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

कैटलिन सैंड्रा नील

भारतवंशी ने 'मिस इंडिया यूएसए' 2024 का खिताब जीता

चेन्नई में जन्मीं भारतवंशी कैटलिन सैंड्रा नील ने न्यूजर्सी में सौंदर्य प्रतियोगिता 'मिस इंडिया यूएसए' 2024 जीत ली है। 19 वर्षीय कैटलिन कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपनों पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ना चाहती हूं और महिला सशक्तिकरण तथा साक्षरता पर ध्यान रखना चाहती हूं। वह 14 वर्षों से अमेरिका में रह रही हैं और वेब डिजाइनर के अलावा मॉडलिंग, एक्टिंग में भी कॅरियर बनाना चाहती हैं।

जॉर्ज ग्लास

जापान में अमेरिका के राजदूत नियुक्त

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जॉर्ज ग्लास को जापान में अमेरिका का नया राजदूत नियुक्त किया है। जॉर्ज ग्लास के नाम का ऐलान करते हुए ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'मेरे पहले कार्यकाल में जॉर्ज पुर्तगाल में अमेरिका के राजदूत थे। ज्ञात रहे कि जॉर्ज एक इन्वेस्टमेंट बैंक के पूर्व अध्यक्ष हैं।' जॉर्ज ग्लास ट्रंप के चुनाव अभियान के दौरान फंड इकट्ठा करने वाली टीम में शामिल थे।

ज्योति आम्गे

दुनिया की सबसे छोटी महिला ने बनाया नया रिकॉर्ड

ज्योति आम्गे दुनिया की सबसे छोटे कद वाली महिला हैं, जिनकी लंबाई महज 2 फीट और 0.7 इंच है। यह रिकॉर्ड साल 2009 से उनके नाम दर्ज है। इस बीच 16 दिसंबर को ज्योति ने अपना जन्मदिन मनाया है और वह 31 साल की हो गई हैं। इस खास मौके पर उन्होंने नया विश्व रिकॉर्ड बना डाला है, जो उनके हाथों से संबंधित है। पिछले दिनों गिनीज बुक टीम के कर्मचारियों ने उनके हाथों को मापा और पता चला कि ज्योति के हाथ दुनिया के सबसे छोटे हाथ हैं। गिनीज बुक की जानकारी के मुताबिक, ज्योति का बायां हाथ 2.79 इंच लंबा है और उनका दाहिना हाथ 2.83 इंच लंबा है। उनके हाथ कोका-कोला के कैन की लंबाई से आधे हैं और एक गेंद से भी छोटे हैं।

अमेरिका में

सरकारी वित्त पोषण बिल हुआ पारित



अमेरिकी सीनेट ने सरकारी वित्त पोषण विधेयक को पारित कर दिया। वोट के नतीजों के बाद इसे राष्ट्रपति जो बाइडेन की डेस्क पर भेज दिया गया। सी-स्पैन टीवी चैनल द्वारा प्रसारित वोट के अनुसार प्रस्तावित कानून के पक्ष में 85 वोट पड़े जबकि 11 वोट इसके विरोध में पड़े। संघीय सरकार को तीन महीने के लिए कोष देने वाले कानून को पिछले सप्ताह अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने मंजूरी दे दी।

क्रिस्टिया फ्रीलैंड

कनाडा की उप प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो एक नए संकट में घिर गए हैं। उनकी करीबी नेता उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। सोशल मीडिया पर ट्रूडो को खरी-खोटी सुनाकर उन्होंने अपने उप प्रधानमंत्री पद के साथ ही वित्त मंत्रालय से भी इस्तीफा दे दिया। वह ट्रूडो कैबिनेट में वित्त मंत्रालय के अलावा उप प्रधानमंत्री का पद भी संभाल रही थीं। ज्ञात रहे कि फ्रीलैंड और ट्रूडो अस्थायी कर छूट और अन्य व्यय उपायों के प्रस्ताव पर असहमत हो गए थे।

ऑप्टिमस ह्यूमनॉइड रोबोट

इंसानों की तरह ढलान पर लड़खड़ाया



टेस्ला का ऑप्टिमस ह्यूमनॉइड रोबोट अपनी ट्रेनिंग के दौरान ढलान पर चलते हुए लड़खड़ाता नजर आया। इंसानों की तरह, इसे भी ढलान वाली सतह पर चलने में मुश्किलों का सामना करना पड़ा। टेस्ला ने बताया कि चलते समय रोबोट कई बार गिरने की स्थिति में पहुंच गया था, लेकिन हर बार वह अपना संतुलन बनाए रखने और आगे बढ़ने में सफल रहा।

पूर्व जस्टिस मदन बी. लोकुर

संयुक्त राष्ट्र आंतरिक न्याय परिषद के अध्यक्ष नियुक्त



सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मदन बी. लोकुर को संयुक्त राष्ट्र आंतरिक न्याय परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 12 नवंबर 2028 तक होगा। जस्टिस लोकुर को भेजे पत्र में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश परिषद का नेतृत्व करेंगे, जिसमें अन्य प्रतिष्ठित न्यायविद् भी शामिल होंगे।

चिल्लई कलां

कश्मीर में कड़ाके की ठंड का दौर शुरू

कश्मीर में 40 दिनों की सबसे भीषण सर्दी की अवधि 'चिल्लई कलां' शुरू हो गई। इसके साथ ही श्रीनगर में बीते दिनों पांच दशक में दिसंबर की सबसे ठंडी रात रही, तापमान शून्य से 8.5 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। दिसंबर में श्रीनगर का अब तक का सबसे कम तापमान 13 दिसंबर 1934 को शून्य से 12.8 डिग्री से नीचे था। डल झील की सतह पर भी बर्फ की परत जमना शुरू हो गई है।

पेरू में

जानवरों की 27 अजब-अनोखी प्रजातियां मिलीं

लैटिन अमेरिकी देश पेरू में एक अभियान के दौरान जीवों की 27 नई प्रजातियों का पता लगाया गया है। यह खोज पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाली कंजर्वेशन इंटरनेशनल नामक संस्था ने की थी। 38 दिन यह शोध अमेजन वर्षावन के इलाकों में हुआ। इस इलाके में 1.9 मिलियन एकड़ जंगल और कृषि क्षेत्र है, जहां विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिक तंत्र मौजूद हैं। शोध का नेतृत्व करने वाले ट्रोंड लार्सन ने कहा कि अभी यहां 48 अन्य प्रजातियां और मिली हैं, जिन पर रिसर्च जारी है।

अमेरिका में

42 साल के बाद मिला गुम हुआ लंच बॉक्स

अमेरिका में ट्रेसी ड्रेन नाम की महिला का 42 साल पुराना लंच बॉक्स मिला है। ट्रेसी ने 1982 में चौथी कक्षा में इसे खो दिया था। लंच बॉक्स वर्जीनिया के एक स्कूल में मरम्मत के दौरान मिला है। इसके अंदर एक प्यारी सी ड्राइंग और एक टैग मिला, जिस पर ट्रेसी का नाम लिखा हुआ है।

लिसा केइटली

नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स महिला टीम की मुख्य कोच नियुक्त हुईं

लिसा केइटली को नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स महिला टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। केइटली 2019 से 2022 तक इंग्लैंड महिला टीम की मुख्य कोच थीं। वे डैनी हेजेल की जगह लेंगी। लिसा ने कहा कि नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स का हेड कोच बनने का अवसर एक बहुत बड़ा सम्मान है और मैं पिछले चार वर्षों में रखी गई ठोस नींव पर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित हूं। सुपरचार्जर्स टीम ने महिलाओं के खेल को एक शानदार मंच प्रदान किया है और खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए वह मंच दिया है जिसकी वे हकदार हैं।

युगांडा में

फैला डिंगा-डिंगा वायरस



अफ्रीकी देश युगांडा में डिंगा-डिंगा वायरस से 300 से ज्यादा लोग संक्रमित हो चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा महिलाएं और लड़कियां हैं। इस रहस्यमयी बीमारी का सबसे ज्यादा असर युगांडा के बुंदीबग्यो जिले में देखने को मिला है। इस वायरस की चपेट में आने पर मरीज के शरीर में तेज कंपकपी होने लगती है। कंपकपी इतनी तेज होती है कि देखने पर ऐसा लगता है कि जैसे मरीज नाच रहा हो। संक्रमण अधिक होने पर मरीज को लकवा भी मार सकता है। बुंदीबग्यो के जिला स्वास्थ्य अधिकारी के मुताबिक इस वायरस के बारे में पहली बार 2023 में पता चला था। इसके बाद से युगांडा की सरकार इसकी जांच कर रही है।

मार्क बर्नेट

ब्रिटेन में अमेरिकी विशेष दूत नियुक्त

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेलीविजन निर्माता मार्क बर्नेट को ब्रिटेन में अमेरिका का राजदूत नियुक्त किया है। गौरतलब है कि बर्नेट ने ट्रंप द्वारा होस्ट किए गए द अप्रेंटिस सहित कई शो में काम किया है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा कि मार्क बर्नेट को यूनाइटेड किंगडम में विशेष दूत नियुक्त करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है, टेलीविजन प्रोडक्शन और व्यवसाय में एक विशिष्ट कॅरियर के साथ मार्क इस महत्वपूर्ण भूमिका में कूटनीतिक कौशल और अंतर्राष्ट्रीय मान्यता का एक अनूठा मिश्रण रखते हैं।

मृदुल मित्तल

उत्कृष्ट सेवा के लिए अति विशिष्ट रेल पुरस्कार से सम्मानित हुए

रेलवे बोर्ड में नियुक्त मृदुल मित्तल विशेष कार्य अधिकारी टिकट चेकिंग को भारतीय रेलवे में उत्कृष्ट सेवा के लिए अति विशिष्ट रेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि 69वें रेल सप्ताह 2024 कार्यक्रम के तहत रेलवे में अपनी बेहतर सेवाएं देने के लिए रेलवे सचिव बोर्ड द्वारा यह सम्मान किया जाता है।

स्मृति शेष

मशहूर फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल का निधन



प्रसिद्ध निर्देशक, पटकथा लेखक और निर्माता श्याम बेनेगल का मुंबई में निधन हो गया है। श्याम बेनेगल के नाम सबसे ज्यादा नेशनल अवॉर्ड जीतने का रिकॉर्ड है। उन्हें 8 फिल्मों के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फिल्म जगत को दिए योगदान के लिए श्याम बेनेगल को 1976 में पद्मश्री और 1991 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया।

पद्मश्री से सम्मानित 'वृक्ष माता' तुलसी गौड़ा का निधन

प्रसिद्ध पौधरोपणकर्ता और पद्मश्री पुरस्कार विजेता 86 वर्षीय तुलसी गौड़ा का उनके निवास पर निधन हो गया। 'वृक्ष माता' के नाम से मशहूर तुलसी गौड़ा ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सामने नंगे पैर और आदिवासी वेशभूषा में पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त किया था।

मशहूर रेसलर रे मिस्टीरियो सीनियर का निधन



मशहूर मैक्सिकन रेसलर रे मिस्टीरियो सीनियर का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। मिस्टीरियो सीनियर ने मेक्सिको में लुचा लिब्रे स्टाइल में प्रसिद्धि हासिल की थी। रे मिस्टीरियो सीनियर ने वर्ल्ड रेसलिंग एसोसिएशन और लुचा लिब्रे एएए वर्ल्ड वाइड जैसे प्रमुख संगठनों के साथ कई चैंपियनशिप खिताब जीते थे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें 1990 में विश्व चैंपियनशिप कुश्ती के स्टारकेड जैसे आयोजन भी शामिल थे। मिस्टीरियो का असली नाम मिगुएल एंजेल लोपेज डायस था।

कारगिल में सेना की मदद करने वाले ताशी का निधन



लद्दाख के बहादुर चरवाहे ताशी नामग्याल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। ज्ञात रहे कि ताशी ने 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना को पाकिस्तानी घुसपैठ के बारे में सबसे पहले सूचना दी थी। ताशी ने उस समय पाकिस्तान के सैनिकों को बटलिक पर्वत श्रृंखला पर देखा था। जब वे वहां बर्फ साफ कर रहे थे। इस सूचना से भारतीय सेना ने समय रहते मोर्चा संभाल लिया था।

एपिगैमिया के को-फाउंडर रोहन का निधन

एफएमसीजी कंपनी एपिगैमिया के को-फाउंडर रोहन मीरचंदानी का निधन हो गया है। वे 42 साल के थे। जानकारी के मुताबिक, रोहन की मृत्यु 21 दिसंबर की देर रात हार्ट अटैक से हो गई। मीरचंदानी ने 2013 में ड्रम्स फूड इंटरनेशनल की शुरुआत की थी, जो एपिगैमिया की पेरेंट कंपनी है। एपिगैमिया भारत के बड़े ग्रीक योगर्ट ब्रांड में से एक है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

REQUIRED

- **PRINCIPAL**
- **PROFESSOR/ASSOCIATE PROFESSOR/ASST. PROFESSOR**
  Law, Management, Commerce, Economics, Political Science, Sociology, History & English. Qualification as per UGC / DAVV / BCI norms.
- **LIBRARIAN**

Send your resume at: gslindoreprincipal@gmail.com OR in person to The Principal @ Nipania Campus bet. 11am to 3pm (Mon to Sat)

GSL Graduate School of Law
Graduate School of Law
Nipania Bypass, Near Hotel Sheraton, Indore
62320-07729, 90095-71860

VIGILANCE

R-50378/2024

MPMETRO

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)
द्वितीय तल, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफिस बिल्डिंग, कालीबाड़ी रोड, भेल, सेक्टर-ए, बरखेड़ा, भोपाल-462022

भर्ती के लिए विज्ञापन

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है।

तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

Sr. Supervisor/Supervisor (Operations)
Sr. Supervisor/Supervisor (Security)

नियुक्तियां MPMRCL के नियमों एवं शर्तों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के आधार पर होगी।
यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल वेबसाइट **www.mpmetrorail.com** के कॅरियर विकल्प में उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया विज्ञापन क्रमांक 3388 / HRD / MPMRCL-063 / 2024 & 3389 / HRD / MPMRCL - 064/2024 दिनांक 26.12.2024 देखें।
रिक्त पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु विज्ञापन क्र. 3388/HRD/MPMRCL-063/2024 की **अंतिम तिथि 10 जनवरी 2025** है एवं विज्ञापन क्र. 3389/HRD/MPMRCL-064/2024 की **अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025** है।

म.प्र. माध्यम/117982/2024 R-50386/2024 **प्रबंध संचालक**

अब तक खरीदी गई 21 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान

भोपाल, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 3 लाख 22 हजार 89 किसानों से 21 लाख 22 हजार 901 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1393 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रुपये है।

धान की खरीदी जिला पन्ना में 58,454, दमोह 39,670, सागर 7459, शहडोल 1 लाख 1 हजार 43, अनूपपुर 46,208, उमरिया 62,732, रीवा 2 लाख 17 हजार 77, सतना 2 लाख 35 हजार 687, सिंगरौली 80,259, सीधी 60,754, मऊगंज 54,919, मैहर 79,120, सीहोर 13,100, रायसेन 17,536, विदिशा 676, नर्मदापुरम 78,046, बैतूल 20,725, हरदा 349, कटनी 2 लाख 21 हजार 154, बालाघाट 2 लाख 75 हजार 776, मंडला 1 लाख, 9 हजार 759, नरसिंहपुर 45,363, सिवनी 1 लाख 13 हजार 95, जबलपुर एक लाख 60 हजार 922, डिंडोरी 17,699, छिंदवाड़ा 4719, भिण्ड 398, शिवपुरी 138, अलीराजपुर 47 और झाबुआ जिले में 17 मीट्रिक टन की जा चुकी है।

RAJMATA VIJAYARAJE SCINDIA KRISHI VISHWA VIDYALAYA

Raja Pancham Singh Marg, Near Akashwani, Gwalior - 474002 (M.P.)

IPRO/Advt. No. 31st/2024-25/Reg./2971 Dated : 23.12.2024

ADVERTISEMENT

Online applications are invited for filling up the vacancies of Directors under Rajmata Vijayaraje Scindia Krishi Vishwa Vidyalaya, Gwalior. The details of vacancies, qualifications, age limit, terms and conditions and other detailed guidelines for filling up online application etc. are available on the University website **www.rvskvv.net.**

Applications may be submitted online on **https://rvskvv-rms.krishimegh.in** along with application fee of Rs. 1000/- (for General and OBC candidates) and Rs. 500/- (for SC, ST and Divyang Candidates) upto 27.01.2025 at 05:00 pm. Hard copy of any application will not be accepted.

(By order of the Hon'ble Vice Chancellor)
REGISTRAR

ATUL

R-50379/2024

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, ए-2/2, एम.आय.जी., महानंदा नगर, उज्जैन (म.प्र.)
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in, मोबा. : 9406808103
क्र. 1559 /पयं/मप्रपुआअविनि/24/उज्जैन दिनांक 23.12.2024

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 21/2024-25

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा **क्रमांक-21/2024-25 दिनांक 23.12.2024** के अंतर्गत निर्माण कार्य शासकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय, हाटपिपलिया जिला रतलाम एवं निर्माण कार्य शासकीय प्राथमिक विद्यालय, पाटड़ी जिला रतलाम हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2024_MPPHC_390370, 2024_MPPHC_390371 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 08.01.2025 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117958/2024 R-50383/2024 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड संभाग क्रमांक-03
भोपाल-462003, Mobile No. : 9425601545
ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/1252/पयं/भोपाल-03/तशा/2024
भोपाल, दिनांक : 27.12.2024

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत जिला विदिशा एवं सागर में निर्माण, मरम्मत, रेनोवेशन कार्य हेतु निविदा क्रमांक 12/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्र. 391403, 391404, 391405, 391406, 391407, 391408, 391409 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 11.01.2025 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/118022/2024 R-50398/2024 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड
संभाग क्रमांक-03, भोपाल-462003
Mobile No. 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र. मप्रपुआअविनि/1240/पयं/भोपाल-03/तशा/2024 भोपाल, दिनांक : 26.12.24

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग क्र. - 3 के अंतर्गत बाह्य विद्युतीकरण कार्य 150 बिस्तरीय सिविल अस्पताल गंजबासौदा में 11/0.4 KV, 2x315 KVA शिरोपरी लाइन एवं सबस्टेशन का कार्य जिला विदिशा हेतु निविदा क्रमांक - 11/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्र.-391143 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक-07.01.2025 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : http://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/118000/2024 R-50387/2024 **परियोजना यंत्री**

MPIDC Madhya Pradesh Industrial Development Corporation Ltd.

एमपी इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि.

क्षेत्रीय कार्यालय, उद्योग भवन, भू-तल, टी.व्ही. टॉवर के पास, जबलपुर (म.प्र.)
क्र.एमपीआईडीसी/क्षे.का.ज./तक./2024/4547 जबलपुर, दि. : 19.12.2024

द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

एमपी इण्डस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लि. क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर द्वारा औद्योगिक विकास केन्द्र बोरगाँव तहसील सौंसर, जिला पांढुर्ना में फूडपार्क का इफ्लयूएंट ट्रीटमेंट प्लांट 75000 लीटर प्रतिदिन क्षमता का जो **''जैसा है, जहां है तथा जो जैसा है''** के संचालन व संधारण हेतु पात्र एजेंसियों/फर्मो/व्यक्तिश: से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

अर्नेस्ट मनी (रुपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	लीज की अवधि
0.50 लाख	5900/-	तीन वर्ष तथा निविदा प्रपत्र के अनुसार

किसी भी निविदा या समस्त निविदायें बिना कारण बताये निरस्त/स्वीकृत करने तथा निविदा की तिथि बढ़ाने का अधिकार निगम के कार्यकारी संचालक के पास सुरक्षित हैं। टेंडर डाक्यूमेंट पोर्टल **mptender.gov.in** के माध्यम से निर्धारित तिथि तक डाउनलोड व क्रय किये जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117954/2024 R-50382/2024 **कार्यकारी संचालक**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग क्रमांक-03, भोपाल-462003
Mob.No. 9425601545, ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/1230/पयं/भोपाल-03/तशा/2024
भोपाल, दिनांक : 23.12.2024

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 के अंतर्गत नव आरक्षक बैरिक नम्बर 01 से 04 के बाजू से टॉयलेट 20 एवं बाथरूम 20 का नव निर्माण कार्य पीटीएस पचमढ़ी जिला नर्मदापुरम हेतु निविदा क्रमांक - 10/2024-25 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक - 390293 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक-06.01.2025 सायं 5:00 बजे तक ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/117959/2024 R-50384/2024 **परियोजना यंत्री**

(पृष्ठ 10 का शेष)

आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

06. आयोग की बैठक दिनांक 19.09.2024 के निर्णय क्रमांक-20 के निर्णयानुसार आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा/लिखित परीक्षा के माध्यम से चयन प्रक्रिया पूर्ण किए जाने वाले समस्त प्रकरणों में लिखित परीक्षा में सम्मिलित होकर साक्षात्कार हेतु अर्ह घोषित किए गए केवल ऐसे आवेदक जिनके अभिलेख आयोग कार्यालय में विलम्ब से प्राप्त होते हैं एवं किसी कारणवश नहीं भेजे जाते हैं तो ऐसे आवेदकों से विलम्ब शुल्क के साथ आयोग कार्यालय में अभिलेख जमा करने हेतु निम्नानुसार राशि निर्धारित की गई है :-

आयोग द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में साक्षात्कार हेतु अभिलेख जमा करने की निर्धारित **अंतिम तिथि 15.01.2025** के पश्चात् कार्यालयीन दिवस/समय प्रातः 10:00 से सायं 06:00 बजे तक निम्नानुसार विलंब शुल्क की नगद राशि एम.पी.टी.सी. 6 के माध्यम से आयोग की लेखा शाखा में जमा कराने के पश्चात अभिलेख जमा किए जा सकेंगे।

01.	निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् कार्यालयीन 05 दिवस तक राशि रुपये 3,000/- (तीन हजार मात्र)।	दिनांक 16.01.2025 से 22.01.2025 तक
02.	निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात् 10 कार्यालयीन दिवस तक (अर्थात् 06 से 10 दिवस तक) राशि रुपये 25,000/- (पच्चीस हजार मात्र)।	दिनांक 23.01.2025 से 29.01.2025 तक

उपरोक्तानुसार विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथियों के पश्चात् डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से आयोग को प्रेषित किए गए आवेदकों के अभिलेख प्राप्त होने पर आयोग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा।

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी सहायक प्राध्यापक (रसायन भौतिक) परीक्षा-2022 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. सहायक प्राध्यापक (रसायन भौतिक) परीक्षा-2022 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
3. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
4. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
5. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रामाणिक मानी जाएगी।
6. **सहायक प्राध्यापक परीक्षा-2022 में उच्च शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों के अतिथि विद्वान (रिक्त पदों के विरुद्ध एवं जनभागीदारी) तथा मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों में संविदा आधार पर कार्यरत अतिथि विद्वानों के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं का अंतिम चयन परिणाम याचिकाओं के पारित अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।**
75/24-25 व.ले.लि. दि. 23.12.2024	1. रु. 9,91,600/- 2. रु. 19832/-	(1) 6.1.2025 सायं 5.30 तक	रु. 2000/-	(1) **7.1.2025** अपराह्न 3.00 बजे तक (2) कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल।	(1) 7.1.2025 अपराह्न 3.00 बजे। (2) कार्यपालन यंत्री, भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल।	(1) 04 माह (2) केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली (3) प्रथम आमंत्रण।

क्र. एवं कार्य का नाम :– 2. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा भवन में उल्लिखित स्थान पर कॉन्फ्रेन्स साउण्ड सिस्टम पी.ए. सिस्टम साउण्ड अलार्म सिस्टम एवं फायर अलार्म सिस्टम का एक वर्ष संचालन कार्य।

76/24-25 व.ले.लि. दि. 23.12.2024	1. रु. 9,41,112/- 2. रु. 18822/-	--तदैव--	रु. 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 12 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

क्र. एवं कार्य का नाम :– 3. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा भवन में उल्लिखित स्थान पर कॉन्फ्रेन्स साउण्ड सिस्टम पी.ए. सिस्टम साउण्ड अलार्म सिस्टम एवं फायर अलार्म सिस्टम का एक वर्ष संधारण कार्य।

77/24-25 व.ले.लि. दि. 23.12.2024	1. रु. 9,10.000/- 2. रु. 18200/-	--तदैव--	रु. 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 12 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

क्र. एवं कार्य का नाम :– 4. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधायक विश्राम गृह में सी.आर. स्टोन मेसनरी वॉल सरफेस ड्रेन का सुधार/पुनर्निर्माण एवं अन्य छोटे सुधार कार्य।

78/24-25 व.ले.लि. दि. 23.12.2024	1. रु. 9,62,180/- 2. रु. 19244/-	--तदैव--	रु. रु. 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 06 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

क्र. एवं कार्य का नाम :– 5. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधानसभा भवन में चेयर एवं फेब्रिक (गोदरेज या समकक्ष) का सुधार तथा चेयर एवं सोफा सेट का ड्राइ कलीन कार्य।

79/24-25 व.ले.लि. दि. 23.12.2024	1. रु. 2,67,535/- 2. रु. 5351/-	--तदैव--	रु. 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 08 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

क्र. एवं कार्य का नाम :– 6. वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत विधायक विश्राम गृह में हाईब्रिड सीजनल प्लांट एवं इनडोर प्लांट प्रदाय एवं पौधारोपण कार्य।

80/24-25 व.ले.लि. दि. 23.12.2024	1. रु. 9,97,160/- 2. रु. 19943/-	--तदैव--	रु. 2000/-	--तदैव--	--तदैव--	(1) 12 माह (2) --तदैव-- (3) --तदैव--

(1) कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि का भुगतान कर कार्यालय कार्यपालन यंत्री भवन नियंत्रक विधानसभा राजधानी संभाग क्र.-3 लो.नि.वि. भोपाल से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते हैं। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है। (2) निविदा की वैद्यता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी। (3) यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी। (4) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करते समय निर्धारित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उसकी निविदा खोली नहीं जावेगी। (i) म.प्र. लो.नि.वि. में उपयुक्त श्रेणी में वैध पंजीयन (ii) पेन कार्ड (iii) नो रिलेशन सर्टिफिकेट (iv) जी.एस.टी. पंजीयन (v) निविदा प्रपत्र अनुसार शपथ पत्र (vi) ई.पी.एफ. पंजीयन। (5) कार्य की अन्य शर्तों के बाबत् जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
भवन नियंत्रक विधानसभा
राजधानी संभाग क्र.-3 लोक निर्माण विभाग
जी-20811/50377/2024 **ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल, 0755-2463894**

राज्य सेवा परीक्षा 2025 की तैयारी करते समय ध्यान रखिए ये बातें

सिलेबस में से कुछ भी नहीं छोड़िए हर टॉपिक परीक्षा की दृष्टि से है महत्वपूर्ण

राज्य सेवा परीक्षा 2025 की तारीख मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने घोषित कर दी है। ऐसे में वे युवा प्रतिभागी जो लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए हैं या वे जो पहली बार इस परीक्षा में अपनी किस्मत आजमाएंगे। सभी इस परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं। पैटर्न में हुए बदलाव हों या फिर परीक्षा की तैयारी के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन मौजूद अध्ययन सामग्री का चुनाव करना, नोट्स बनाने का तरीका या सही टेस्ट सीरीज का चुनाव करना ऐसे कितने ही सवाल इस समय प्रतिभागियों के मन में चल रहे हैं। प्रतियोगियों के लिए तैयारी से जुड़ी विविध जिज्ञासाओं के समाधान के लिए 'रोज़गार और निर्माण' ने एमपीपीएससी की परीक्षा की तैयारी लंबे समय से करा रहे शिक्षक, मार्गदर्शक श्री लक्ष्मीशरण मिश्रा से बातचीत की। जिन्होंने विद्यार्थियों के लिए 16 फरवरी, 2025 को आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। आइए जानते हैं...

प्रश्न-पत्र पिछले वर्ष से कठिन आने की संभावना

वर्ष 2024 की राज्य सेवा परीक्षा का नए पैटर्न पर प्रश्न पत्र आया था, ऐसे में पहली बार प्रयोग करने के कारण अक्सर वह सरल आता है। इसलिए इस बार प्रश्न-पत्र के पिछले बार से कठिन आने की संभावना है। इसलिए अधिक गंभीरता के संग तैयारी की जाए।

प्रतिभागियों की संख्या होगी अधिक

पिछले वर्ष राज्य सेवा परीक्षा 2024 के समय ही मुख्य परीक्षा समेत कई परीक्षाएं थीं। ऐसे में लंबे समय से तैयारी कर रहे अभ्यर्थी अन्य परीक्षाओं में व्यस्त थे, जिस वजह से अधिकांशत: परीक्षा में असफल हुए या शामिल नहीं हुए। ऐसे में इस बार परीक्षा में सीनियर प्रतियोगी पूरी तैयारी के संग सम्मिलित होंगे।

एमपी पीएससी और यूपीएससी की परीक्षा के बीच अंतराल

इस बार एमपीपीएससी और यूपीएससी की परीक्षा के समय में अंतराल है। ऐसे में दोनों परीक्षा का चुनाव करने की स्थिति में परीक्षार्थी सक्षम होंगे। इसलिए एमपीपीएससी के साथ यूपीएससी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी भी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

हर यूनिट हर टॉपिक महत्वपूर्ण

कई बार प्रतिभागी राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी करते समय किसी एक विषय को अधिक महत्व दे देते हैं, जबकि किसी अन्य टॉपिक या यूनिट को कम महत्व देते हैं। जबकि सभी यूनिट राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। एक भी विषय या टॉपिक को छोड़ने का जोखिम युवाओं को नहीं लेना चाहिए, क्योंकि पिछले वर्ष हर यूनिट से सवाल पूछे गए थे। प्रारंभिक परीक्षा का सिलेबस इस बार विभिन्न टॉपिक में बांटा गया है, यानी किस यूनिट में क्या पढ़ना है यह भी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। विगत वर्ष हर टॉपिक से सवाल पूछा गया है, सारा सिलेबस सिस्टेमेटिक है। इसलिए प्रतिभागियों को सभी टॉपिक पढ़ने हैं। पहले सिर्फ विषय दिया जाता था जो काफी विस्तृत होता था, लेकिन इस बार टॉपिक में बांटने से आपको क्या पढ़ना है बिल्कुल स्पष्ट है। कई टॉपिक ऐसे हैं, जिनसे 100 सवाल ही बन सकते हैं जैसे कि तीन विश्व धरोहर स्थल मध्यप्रदेश में हैं उनमें से कुछ सवाल बन सकते हैं। टॉपिक को गूगल पर रिसर्च करके पढ़ना बेहतर होगा। डायनमिक सिलेबस है। एआई, सिकल सेल एनीमिया जैसे टॉपिक मध्यप्रदेश में ही पूछे जाते हैं। क्योंकि बहुत से टॉपिक ऐसे हैं जो किसी भी किताब में उपलब्ध नहीं हैं। इसलिए हर टॉपिक को सर्च कर शॉर्ट नोट खुद बनाएं।

अब सिर्फ रटकर नहीं हो सकता सिलेक्शन

मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा को लेकर पहले यह माना जाता था कि सवाल सीधे-सीधे पूछे जाते हैं, इसलिए रटकर याद करके सिलेक्शन हो जाएगा, लेकिन पिछली परीक्षाओं में मध्यप्रदेश पीएससी में देखने में आया था कि कुछ सब्जेक्ट से कॉन्सेप्टचुअल प्रश्न पूछे जाते हैं। पूरे पेपर के साथ नहीं लेकिन हर बार किसी एक सब्जेक्ट से कॉन्सेप्टचुयल प्रश्न पूछे जाते हैं अर्थात् आपके लिए विषय या टॉपिक को समझना जरूरी है, सिर्फ रटकर पास नहीं हो सकते हैं। हिस्ट्री, जियोग्राफी, पॉलिटिकल साइंस, इकोनॉमी और साइंस इन पांच सब्जेक्ट के कॉन्सेप्ट क्लीयर करना बहुत जरूरी है। विगत वर्ष पॉलिटिकल के सवाल परीक्षा से कठिन रहे। उसके पहले जियोग्राफी के सवाल कठिन थे। उसके पहले साइंस, हिस्ट्री के सवाल भी काफी कठिन पूछे गए थे। इसलिए कोर सब्जेक्ट के लिए स्तर की किताबों को पढ़ना चाहिए।

नए सेक्शन के लिए चाहिए नई तैयारी

जब भी कुछ नया टॉपिक सिलेबस में जोड़ा जाता है तो उसकी अनदेखी बिल्कुल ना करें। उसे भी पूरी गंभीरता से पढ़ना चाहिए। पिछले वर्ष कुछ सेक्शन थे जिसमें से नए सवाल अधिक पूछे गए। जैसे पिछले साल तीन नए सेक्शन जोड़े गए थे जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा। यदि आपने उनकी अलग से तैयारी नहीं की है तो आपके पांच में से पांच सवाल ही गलत हुए। अर्थशास्त्र के डेटा को सिलेबस में शामिल किया गया है। अगर उसे अच्छे से नहीं पढ़कर गए हैं, तो उससे संबंधित पूरे सवाल भी गलत हुए होंगे। तीसरा सेक्शन मध्यप्रदेश की जनजातियां अगर उसे अच्छे से पढ़कर नहीं गए हैं, तो उससे संबंधित कोई भी सवाल नहीं बनेगा। नए सिलेबस से जुड़े सवाल अधिकांशत: प्रतिभागियों के गलत हुए। टेक्नोलॉजी से संबंधित सवाल भी किसी से नहीं बने, चूंकि किसी किताब में शामिल नहीं थे, तो वह भी किसी से नहीं बने। नए सेक्शन जैसे भारतीय ज्ञान परंपरा, प्रौद्योगिकी या टेक्नोलॉजी, मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था और मध्यप्रदेश की जनजातियां इन चारों के सवाल किताबों से बाहर से आए हैं। इसलिए इन विषयों के नोट्स प्रतियोगी परीक्षा की किताबों और नोट्स में न तलाशकर खुद से तैयारी करके बनाएं। भारतीय ज्ञान परंपरा वैदिक शब्दावली, वैदिक ग्रंथ, दर्शन में शामिल हैं। इसलिए इसकी तैयारी आप कॉलेज की किताबों, इंटरनेट पर मौजूद जानकारी के माध्यम से कर सकते हैं।

करेंट अफेयर्स अब सिर्फ राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम तक सीमित नहीं

राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय समसामयिकी के अलावा अब राजव्यवस्था यूनिट 5 में भी करेंट अफेयर्स को शामिल कर दिया गया है। ऐसे में करेंट अफेयर्स को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर को परंपरागत तौर पर पढ़ना काफी नहीं है बल्कि विषय आधारित करेंट अफेयर्स पढ़ना परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। पर्यावरण, स्वास्थ्य कार्यक्रमों, साइबर क्राइम का करेंट अफेयर्स भी मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा में पूछा जाता है। आर्थिक सर्वेक्षण से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं, सुप्रीम कोर्ट के केस पूछे जाते हैं। करेंट अफेयर्स को हर यूनिट के हिसाब से तैयार करें। किसी बुक या किताब पढ़ने से काम नहीं चलेगा। करेंट अफेयर्स के नोट्स खुद तैयार करें।

मध्यप्रदेश का सामान्य ज्ञान

मध्यप्रदेश के जनरल नॉलेज को बहुत ज्यादा बढ़ा दिया गया है। मध्यप्रदेश का इतिहास, मध्यप्रदेश का भूगोल, मध्यप्रदेश की जनजातियां और कला संस्कृति, मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था, मध्यप्रदेश की राजनीति, मध्यप्रदेश करेंट अफेयर्स अलग है। यानी मध्यप्रदेश से संबंधित सवाल पूरे पेपर के एक तिहाई हिस्से में शामिल हैं।

जनसंपर्क विभाग का सोशल मीडिया और अन्य विभागीय वेबसाइट भी महत्वपूर्ण स्रोत

मध्यप्रदेश के सवाल सिर्फ किताबों में शामिल नहीं हैं। इसलिए किताब या नोट्स से पढ़ना काफी नहीं है। इसे पढ़ने के लिए आप मध्यप्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया, वेबसाइट, टेलीग्राम आदि पर नियमित प्रसारित होने वाली जानकारी को ध्यान से देखिए। पिछले एक साल की योजनाओं, नीतियों या अन्य महत्वपूर्ण ग्राफिक्स या पोस्टर के रूप में जो जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित की जाती है, उसने पढ़ना बेहतर होगा। मध्यप्रदेश शासन के फ्लेगशिप प्रोग्राम प्रश्न पत्र में पूछे जाते हैं। इसलिए जनसंपर्क विभाग की वेबसाइट, सोशल मीडिया अकाउंट पर उपलब्ध जानकारी परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसके अलावा मध्यप्रदेश विधानसभा, निर्वाचन आयोग, खेल विभाग, महिला एवं बाल विकास, संस्कृति, जनजातीय समेत प्रमुख विभाग की प्रमुख वेबसाइट का अध्ययन भी अवश्य करना चाहिए। ये मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान के लिए महत्वपूर्ण है।

सिलेक्शन के लिए लिख-लिखकर याद करें

हमारा मस्तिष्क तभी किसी तथ्य को लंबे समय तक याद रख पाता है जब उसका बेहतर ढंग से अभ्यास किया जाए। आजकल युवाओं में पीडीएफ या सिर्फ किताब पढ़ने का चलन बढ़ गया है। जबकि याद रखने के लिए जो भी पढ़ें उसे व्यवस्थित रूप से लिखकर रिवाइज करें। सामान्य तौर पर परीक्षा में लगभग10 प्रश्न इसलिए प्रतिभागियों के गलत होते हैं क्योंकि पढ़ें तो थे लेकिन याद नहीं थे। इसलिए शॉर्ट नोट्स अवश्य बनाएं। मान लीजिए मध्यप्रदेश शासन की योजनाएं पढ़ी हैं तो उन्हें तारीख के अनुसार क्रमश: लिखिए। एक बार पढ़ने से काम नहीं होगा। फोन और रील्स ज्यादा देखने की वजह से ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता में भी कमी आई है इसलिए व्यवस्थित ढंग से लिखकर रिवाइज करके तैयारी करें।

टेस्ट सीरीज का चुनाव

परीक्षा के करीब आते ही युवाओं के बीच टेस्ट सीरीज ज्वाइन करने का क्रेज बढ़ जाता है जबकि कैसे सही चुनाव करें यह जानना जरूरी होता है। प्रतिभागियों के बीच आसान सवालों की टेस्ट सीरीज बहुत ज्यादा लोकप्रिय है जबकि वह सिर्फ आत्मविश्वास बढ़ाती है। आसान सवाल हल कर प्रतियोगी को लगता है कि उसकी तैयारी हो गई है। जबकि आसान टेस्ट कमी नहीं बता पाएंगे, कठिन टेस्ट आपका आत्मविश्वास कम करेंगे। इसलिए तैयारी के बाद टेस्ट सीरीज की बजाय 1 या 2 प्रैक्टिस बुक लगा सकते हैं। एमपीपीएससी में सीधे सवाल पूछे जाते हैं। इसलिए आखिरी के 15 दिन घर में स्टडी टेबल पर टेस्ट लगाएं।

प्रीलिम्स की परीक्षा की तैयारी में जुटिए

कई बार प्रतिभागी यह सोचते हैं कि मुख्य परीक्षा की तैयारी करेंगे तो प्रारंभिक परीक्षा अपने आप पास हो जाएंगे जबकि ऐसा नहीं है, क्योंकि यदि प्रीलिम्स नहीं निकला तो मैन्स किसी काम का नहीं है। इसलिए अब पूरी तैयारी पहले प्रीलिम्स की करें और सभी यूनिट के हिसाब से पढ़ाई कीजिए।

अपने ज्ञान को परखते रहिए

आजकल मार्केट में कई तरह के मेंटरशिप प्रोग्राम, ऑनलाइन कोचिंग उपलब्ध हैं, जिन्हें प्रतिभागी इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में यदि ऐसे किसी प्रोग्राम का हिस्सा हैं, ऑनलाइन पढ़ रहे हैं या सेल्फ स्टडी कर रहे हैं तो खुद को परखते रहिए। हर सप्ताह पांच साल के पेपर एनालाइज करते रहिए। खुद को चैक करते रहिए।

पांच साल के पेपर का मूल्यांकन

पिछले पांच साल के पेपर को पढ़िए। एप्रोच पेपर तैयार करें कि किस तरह के सवाल पूछे जा सकते हैं जैसे मध्यप्रदेश वन अभयारण्य, इतिहास की महत्वपूर्ण किताब यानी जो पूछा जा रहा है उससे रिलेटेड एप्रोच को समझें और उससे जुड़े प्रश्न बनाकर अध्ययन करें। अब पुराने प्रश्न पत्र से सवाल रिपीट नहीं होते हैं। इसलिए एप्रोच को समझकर तैयारी करें।

सीसेट को अनदेखा ना करें

मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा में सीसेट को क्वालीफाई करना बहुत जरूरी है। इसलिए इसे अनदेखा न करें। परीक्षा के करीब 15 दिन पहले से एक पेपर जरूर हल करें। सीसेट की प्रैक्टिस बुक को पढ़ लीजिए। 10 साल के पेपर को हल करने की प्रैक्टिस करें।

इन बातों का रखिए ख्याल

- दिनचर्या बनाकर दिन का अधिकांश समय पढ़ाई में बिताइए।
- खुद के मनोरंजन के लिए भी वक्त दीजिए।
- योग, प्राणायाम, म्यूजिक, मूवी देखना जो भी पसंद है, उसे तनाव मुक्त रहने के लिए करें।
- कभी भी डेढ़ घंटे से ज्यादा लगातार नहीं पढ़ें, 10 मिनट का ब्रेक अवश्य लें।

- डॉ. सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल गुजरात अध्ययन यात्रा पर पहुंचा

गांधीनगर, मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल से गांधीनगर में मुलाकात की। श्री सिंह के नेतृत्व में विभाग का 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 26 और 27 दिसम्बर को गुजरात की दो दिवसीय अध्ययन यात्रा पर हैं। श्री सिंह ने गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल का मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से अपने व्यस्त कार्यक्रम से प्रतिनिधिमंडल को समय देने के लिए आभार व्यक्त किया। गुजरात के मुख्यमंत्री श्री पटेल के पास सड़क एवं भवन विभाग का प्रभार है, बैठक में सड़क एवं भवन निर्माण के विभिन्न पहलुओं सहित बेस्ट प्रैक्टिसेज और नवाचारों पर विस्तृत चर्चा हुई।

श्री सिंह ने गुजरात में अपनाई गई बेस्ट प्रैक्टिसेज और नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में गुजरात के इन सफल प्रयासों को मध्यप्रदेश में लागू करने के लिए विभागीय स्तर पर ठोस योजना तैयार की जाएगी। श्री सिंह ने बताया कि अध्ययन यात्रा में गुजरात की निविदा शर्तों पर भी विस्तार से चर्चा हुई, क्योंकि गुजरात इस क्षेत्र में आदर्श कार्य करने में अग्रणी राज्य है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में निविदा शर्तों में सकारात्मक बदलाव किए जाएंगे। गुजरात की यह अध्ययन यात्रा मध्यप्रदेश में सड़क और भवन निर्माण को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने इस यात्रा को राज्य के बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया।

जॉब अलर्ट

कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड
पद का नाम - एक्जीक्यूटिव ट्रेनी (मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, नेवल आर्किटेक्चर, सिविल, इंफोर्मेशन एंड टेक्नोलॉजी और ह्यूमन रिसोर्स)
पदों की संख्या - 44
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 06 जनवरी, 2025
वेब. - https://cochinshipyard.in

काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
पद का नाम - पुस्तकालय सूचना सहायक, अवर श्रेणी लिपिक और मल्टी टास्किंग स्टाफ
पदों की संख्या - 17
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 03 जनवरी, 2025
वेबसाइट - https://iwst.icfre.gov.in

भारतीय स्टेट बैंक
पद का नाम - जूनियर एसोसिएट्स (कस्टमर सपोर्ट एंड सेल्स)
पदों की संख्या - 14191
योग्यता - किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की डिग्री।
अंतिम तिथि - 07 जनवरी, 2025
वेबसाइट - https://bank.sbi

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी वारंगल
पद का नाम - प्रधान वैज्ञानिक/तकनीकी अधिकारी, प्रधान विद्यार्थी गतिविधि एवं खेल अधिकारी, अधीक्षक, जूनियर इंजीनियर, पुस्तकालय एवं सूचना सहायक, विद्यार्थी गतिविधि एवं खेल सहायक, वरिष्ठ सहायक, जूनियर सहायक, कार्यालय परिचारक और प्रयोगशाला परिचारक
पदों की संख्या - 50
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 07 जनवरी, 2025
वेबसाइट - https://nitw.ac.in

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पद का नाम - वैज्ञानिक
पदों की संख्या - 33
योग्यता - मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से एम.ई. या एम.टेक. की डिग्री
अंतिम तिथि - 07 जनवरी, 2025
वेब. - https://www.ceeri.res.in

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागालैंड
पद का नाम - एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर
पदों की संख्या - 19
योग्यता - संबंधित विषय में पीएचडी की उपाधि
अंतिम तिथि - 04 जनवरी, 2025
वेब. - https://www.nitnagaland.ac.in

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल
पद का नाम - नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ तथा अन्य समकक्ष पदों हेतु संयुक्त भर्ती परीक्षा
पदों की संख्या - 1170
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 13 जनवरी, 2025
वेबसाइट - https://esb.mp.gov.in

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
पद का नाम - वरिष्ठ अभियंता, उप अभियंता, परियोजना अभियंता
पदों की संख्या - 08
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 01 जनवरी, 2025
वेबसाइट - https://bel-india.in

राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन प्राधिकरण
पद का नाम - कंपनी सेक्रेटरी, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (टेक्निकल), सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रीजनल ऑफिसर (टेक्निकल), असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट, चीफ मैनेजर (टेक्निकल/प्रोजेक्ट ऑफिस), वाइस प्रेसिडेंट (फाइनेंस एंड अकाउंट्स), वाइस प्रेसिडेंट (टेक्निकल)
पदों की संख्या - 22
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 31 दिसम्बर, 2024
वेबसाइट - https://nhlml.org

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
पद का नाम - यंग प्रोफेशनल
पदों की संख्या - 20
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 31 दिसंबर, 2024
वेबसाइट - https://nta.ac.in

हुगली कोचिन शिपयार्ड लिमिटेड
पद का नाम - ग्रेजुएट अप्रेंटिस, टेक्नीशियन (डिप्लोमा) अप्रेंटिस
पदों की संख्या - 08
योग्यता - ग्रेजुएट अप्रेंटिस के लिए इंजीनियरिंग या तकनीकी विषय में स्नातक डिग्री तथा टेक्नीशियन (डिप्लोमा) अप्रेंटिस के लिए इंजीनियरिंग या तकनीकी विषय में डिप्लोमा।
अंतिम तिथि - 01 जनवरी, 2025
वेब. - https://cochinshipyard.in

एग्जाम अलर्ट

संघ लोक सेवा आयोग
परीक्षा का नाम - नेशनल डिफेंस एकेडमी एवं नेवल एकेडमी के लिए एनडीए/एन-1 परीक्षा
सीटों की संख्या- 406 (थलसेना के लिए 208, वायुसेना के 120, नौसेना के लिए 42 और नेवल एकेडमी 12वीं कैडेट एंट्री स्कीम के लिए 36 पद)
योग्यता- 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य
परीक्षा तिथि- 13 अप्रैल, 2025
आवेदन की अंतिम तिथि - 31 दिसम्बर 2024
वेबसाइट - https://upsc.gov.in

संघ लोक सेवा आयोग
परीक्षा का नाम - कंबाइंड डिफेंस स्टाफ के लिए सीडीएस-1 परीक्षा
सीटों की संख्या- 457
योग्यता- किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से स्नातक की डिग्री।
आवेदन की अंतिम तिथि - 31 दिसम्बर 2024
वेबसाइट - https://upsc.gov.in

एडमिशन अलर्ट

केंद्रीय सिंचाई एवं विद्युत बोर्ड
पाठ्यक्रम का नाम - पेशेवरों और नए इंजीनियरों के लिए ऑटोमेशन एससीएडीए/डीएमएस के साथ ट्रांसमिशन और वितरण प्रणाली में ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रम
सीटों की संख्या - 60
योग्यता- किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, पावर इंजीनियरिंग या संबंधित शाखाओं में इंजीनियरिंग स्नातक या समकक्ष
अंतिम तिथि - 6 जनवरी, 2025
वेबसाइट - https://www.cbip.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

हमारा जिला - पन्ना

सुरम्य पर्वत श्रृंखलाओं, आभूषण और ऐतिहासिक मंदिरों से समृद्ध है जिला पन्ना

मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए है। 'रोज़गार और निर्माण' के 'हमारा जिला' स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले से आपको परिचित करवाते हैं। इस अंक में प्रस्तुत है पन्ना जिले का परिचय-

'हीरा नगरी' के नाम से प्रसिद्ध पन्ना मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्व विंध्याचल की सुरम्य पर्वत श्रृंखलाओं के मध्य स्थित है। पन्ना जिले का वर्तमान स्वरूप पन्ना और अजयगढ़ रियासत, चरखारी, बिजावर, छतरपुर और यूनाइटेड प्रोविन्स को मिला कर हुआ है।

पन्ना को महाराजा छत्रसाल बुंदेला ने राजधानी बनाया था। अप्रैल 1949 के पूर्व यह जिला विंध्यप्रदेश का अंग था, जिसे एक नवंबर, 1956 को मध्यप्रदेश में मिला दिया गया था। 20 अक्टूबर, 1972 को सागर संभाग की स्थापना होने पर इसे रीवा संभाग से पृथक कर सागर संभाग में सम्मिलित किया गया।

पन्ना जिले का नाम पन्ना जिला मुख्यालय के पास पद्मावती देवीजी के मंदिर के नाम पर रखा गया है। पन्ना को महाराजा छत्रसाल के शहर के रूप में भी जाना जाता है। पन्ना उत्तर में उत्तरप्रदेश के बांदा जिला, पूर्व में सतना जिला, दक्षिण में कटनी और दमोह जिला और पश्चिम में छतरपुर जिले से घिरा हुआ है।

पन्ना में हीरे की खान हैं, साथ ही यह अपने प्राचीन और सुंदर मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। इसी कारण से इसे 'मंदिरों की नगरी' भी कहा जाता है। यहां पर स्थित श्री प्राणनाथजी और श्री बलदेवजी का मंदिर तीर्थगणों के बीच प्रसिद्ध है। पन्ना में एक राष्ट्रीय उद्यान भी है जहां पन्ना टाइगर रिज़र्व और कई दुर्लभ वन्यजीव पाए जाते हैं।

उत्पादन

गेहूं - यहां प्रमुख रूप से, धान, उड़द, चना और मसूर का उत्पादन किया जाता है।

प्रमुख स्थल

चौमुखनाथ मंदिर- चौमुखनाथ मंदिर को नाचना-कुथारा में नाचना मंदिर कहा

जाता है, पन्ना में मध्यप्रदेश तथा देश में भुमरा और देवगढ़ के साथ मध्य भारत में सबसे पुरातन जीवित पत्थर के मंदिर हैं। उनकी शैली की तुलना उन संरचनाओं से की जा सकती है, जिन्हें दिनांकित किया जा सकता है। कुछ नाचना मंदिर 5वीं या 6वीं शताब्दी के गुप्त साम्राज्य के युग के विभिन्न प्रकार के हैं। चतुर्मुख मंदिर 9वीं शताब्दी का है। यह मंदिर वास्तुकला की उत्तर भारतीय शैली को दर्शाते हैं।

वॉटर फॉल - पन्ना जिले में कई महत्वपूर्ण वॉटर फॉल हैं। जो पर्यटन का केंद्र हैं।

रामजानकी मंदिर- रामजानकी मंदिर मध्यप्रदेश के पन्ना जिले का प्रसिद्ध मंदिर है।

बृहस्पति कुंड- बृहस्पति कुंड पन्ना जिले के बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित एक प्राकृतिक कुंड है। यह स्थानीय लोगों के बीच लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। पन्ना से इसकी दूरी 25 किलोमीटर और कालिंजर किले से 18 किलोमीटर दक्षिण की ओर है।

अजयगढ़ का किला - खजुराहो से 80 किलोमीटर दूर अजयगढ़ का दुर्ग है। यह

दुर्ग चंदेल शासन के समय में बहुत महत्वपूर्ण था। यह किला विन्ध्य की पहाड़ियों की चोटी पर स्थित है। किले में दो प्रवेश द्वार हैं। किले के उत्तर में एक दरवाजा और दक्षिण पूर्व में तरहौनी द्वार है। दरवाजों तक पहुंचने के लिए 45 मिनट की खड़ी चट्टानी चढ़ाई चढ़नी पड़ती है। किले के बीचों-बीच अजय पलका तलाव नामक झील है। झील के अन्त में जैन मंदिरों के अवशेष बिखरे पड़े हैं। झील के किनारे कुछ प्राचीन काल के स्थापित मंदिरों को भी देखा जा सकता है। किले की प्रमुख विशेषता है कि यहां ऐसे तीन मंदिर हैं, जिन्हें अंकगणितीय विधि से सजाया गया है। भारतीय पुरातत्व विभाग ने कुछ समय पहले इस किले की देखभाल का जिम्मा उठाया है। विंध्याचल पर्वत श्रृंखला के समतल पर्वत पर स्थित अजयगढ़ का किला आज भी लोगों के लिए रहस्यमय और आकर्षण का केंद्र है।

एक नज़र में

क्षेत्र : 7,135 वर्ग किलोमीटर
जनसंख्या : 10,16,520
(वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार)
भाषा : हिन्दी
गांव : 1033

रथ यात्रा

देश की तीन सबसे पुरानी तथा बड़ी रथयात्राओं में पन्ना की रथयात्रा भी शामिल है। ओडिशा के जगन्नाथपुरी की तर्ज पर यहां आयोजित होने वाले भव्य समारोह में राजसी ठाट-बाट और वैभव की झलक देखने को मिलती है। रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ स्वामी की एक झलक पाने के लिए समूचे बुन्देलखण्ड क्षेत्र से हजारों की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। पन्ना की यह ऐतिहासिक रथयात्रा करीब 166 वर्ष पूर्व तत्कालीन पन्ना नरेश महाराजा किशोर सिंह द्वारा शुरू कराई गई थी, जो परम्परानुसार अनवरत जारी है। हिन्दू पंचांग के अनुसार आषाढ़ शुक्ल माह की द्वितीय तिथि को यहां पुरी के जगन्नाथ मन्दिर की तरह हर साल रथयात्रा निकलती है। रथयात्रा के दौरान यहां भी भगवान जगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ मन्दिर से बाहर सैर के लिये निकलते हैं। यह अनूठी रथयात्रा पन्ना से शुरू होकर तीसरे दिन जनकपुर पहुंचती है।

उत्सव

शरद पूर्णिमा महोत्सव- पवित्र नगरी पन्ना जिले के सुप्रसिद्ध श्री प्राणनाथ जी मंदिर में शरद पूर्णिमा का आयोजन किया जाता है। यह आयोजन बड़े उत्सव के रूप में होता है। इस अवसर पर हजारों देशी तथा विदेशी श्रद्धालु शामिल होते हैं। यह अक्टूबर के महीने में श्री 108 प्राणनाथ ट्रस्ट एवं प्रशासन के सहयोग से बड़े ही धूमधाम से आयोजित किया जाता है। इस नौ दिवसीय महोत्सव की शुरुआत विजयादशमी के दिन होती है। इस समय श्री खेजड़ा मंदिर में वीरा तथा तलवार उठाई जाती है। वीरा तथा तलवार इस बात का प्रतीक है कि संवत् 1740 में खेजड़ा मंदिर परिसर में बुंदेलखंड की रक्षा के लिए महाराजा छत्रसाल को इसी विजयादशमी के दिन श्री प्राणनाथ जी ने वरदानी तलवार सौंपी थी। आशीर्वाद स्वरूप यह वाक्य प्रचलित है।

"छत्ता तेरे राज में धग धग धरती होय
जित जित घोड़ा पग धरे तित तित फत्ते होय"

महाराजा छत्रसाल जी ने पूरे बुंदेलखण्ड पर विजय प्राप्त कर ली और अपना साम्राज्य स्थापित कर पन्ना को अपनी राजधानी बनाया।

अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा का मुख्य समारोह पूर्णिमा की रात्रि में होता है। रात्रि के करीब 12 बजे बंगला जी मंदिर में श्रीजी की सवारी ब्रह्मा चबूतरे में लाई जाती है। पूर्णमासी का महारास उल्लास रात्रि भर चलता है। श्रीजी की सवारी ब्रह्मा चबूतरे पर पांच दिन तक रहती है। इस दौरान पांच दिन तक गरबा सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

शरद पूर्णिमा महोत्स्व का पहला कार्यक्रम संवत् 1740 में हुआ था। स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जाता है कि श्री प्राणनाथ जी बंगला जी मंदिर में अपने पांच हजार सुंदरसाथ के साथ ठहरे थे। पूर्णिमा की चांदनी रात में वे सुंदरसाथ के साथ श्रीकृष्ण द्वारा ग्वालबालों तथा सखियों के साथ खेले जाने वाले महारास की चर्चा कर रहे थे। इसी दौरान उनके साथ आए सुंदरसाथ ने महामति प्राणनाथ जी से अखंड महारास का अनुभव कराने का निवेदन किया तब पूनम की आधी रात शुरू होने वाली थी। इस पर महामति प्राणनाथ जी ने पांच हजार सुंदरसाथ के साथ महारास खेलना शुरू किया। यह महारास पांच दिन तक बिना रुके, बिना थके चलता रहा। तभी से यह हर साल मनाया जाता है।

- देवेन्द्र गोरे
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं)

खेल चर्चा

माहेश्वरी और नरूका की जोड़ी ने जीता खिताब

नई दिल्ली, माहेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका की जोड़ी ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप में राजस्थान के लिए मिश्रित टीम स्पर्धा का खिताब जीत लिया है। प्रतियोगिता के फाइनल में माहेश्वरी और नरूका की जोड़ी ने उत्तरप्रदेश के मेराज अहमद खान और अरीबा खान की जोड़ी को 44-43 से हराया। माहेश्वरी और नरूका ने 25 शॉट के दौर में क्रमश: 72 और 71 के स्कोर के साथ सात टीमों के क्वालिफिकेशन दौर में शीर्ष स्थान हासिल किया। फाइनल राउंड में माहेश्वरी और नरूका की जोड़ी को मेराज और अरीबा की जोड़ी ने कड़ी टक्कर दी, इसके बावजूद माहेश्वरी और नरूका की जोड़ी खिताब जीतने में सफल रही। प्रतियोगिता की जूनियर स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में मध्यप्रदेश के ज्योतिरादित्य सिंह और मानसी रघुवंशी की जोड़ी खिताब जीतने में सफल रही।

अंडर-19 महिला एशिया कप

बांग्लादेश को हराकर भारत बना चैम्पियन

क्वालालंपुर, भारत की युवा महिला क्रिकेट टीम ने अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टूर्नामेंट के फाइनल में भारतीय टीम ने बांग्लादेश की महिला टीम को 41 रन से हराया। टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम बेहतरीन लय में नजर आई। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में बिना एक भी मैच गवाएं खिताब जीता है।

मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज जी. कामलिनी महज 5 रन बनाकर और सनिका चाल्के बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद गोंगाडी तृषा ने पारी को संभाला और निक्की प्रसाद (12) के साथ तीसरे विकेट के लिए 41 रनों की साझेदारी की। तृषा ने 47 गेंदों में 52 रनों की पारी खेली। इनके अलावा मिथिला विनोद ने 17 रन और आयुषी शुक्ला ने 10 रन की पारी खेली। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 117 रन बनाये।

जीत के लिए 118 रनों का आसान लक्ष्य बांग्लादेश की टीम के लिए मुश्किल साबित हुआ। भारतीय स्पिनरों के सामने बांग्लादेश की टीम 18.3 ओवरों में 76 रन बनाकर ढेर हो गई। एक समय बांग्लादेश की टीम दो विकेट पर 44 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी, लेकिन स्पिनर पुरुणिका सिसोदिया और आयुषी शुक्ला की घातक गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश की टीम ज्यादा देर नहीं टिक सकी और अगले 32 रन बनाने में टीम ने अपने शेष 8 विकेट गवां दिए।

- **भारत की तृषा ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाए, जबकि आयुषी शुक्ला ने सबसे ज्यादा 10 विकेट अपने नाम किए।**
- **भारत ने टूर्नामेंट में पांच मैच खेले और सभी मैचों में जीत दर्ज की।**
- **एशियन क्रिकेट परिषद ने पहली बार किया है अंडर-19 महिला एशिया कप का आयोजन।**
- **अब वर्ष 2026 में आयोजित किया जाएगा यह टूर्नामेंट।**
- **निकिता की कप्तानी में अब भारतीय टीम जनवरी में आईसीसी महिला अंडर-19 ट्वेंटी-20 विश्वकप में उतरेगी।**

तृषा का शानदार प्रदर्शन

भारतीय टीम की 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज गोंगाडी तृषा ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में तृषा ने 5 मैचों में सबसे ज्यादा 159 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में 150 से अधिक रन बनाने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 2 अर्धशतक बनाए हैं।

एशियन चैम्पियनशिप

ज्योशना ने जीता स्वर्ण पदक

दोहा, भारत की युवा महिला भारोत्तोलक ज्योशना सबर ने कतर में आयोजित एशियाई युवा भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में नए एशियन रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीत लिया है। ज्योशना ने प्रतियोगिता में महिलाओं की 40 किलोग्राम भारवर्ग में कुल 135 किलोग्राम वजन उठाकर पहला स्थान हासिल किया। ज्योशना ने स्नेच में 60 किलोग्राम तथा क्लीन एंड जर्क में 75 किलोग्राम वजन उठाया। यह युवा एशियन चैम्पियनशिप में महिलाओं की 40 किलोग्राम स्पर्धा का नया रिकॉर्ड है।

वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम के कप्तान बने सेंटनर

ऑकलैंड, न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्पिनर मिचेल सेंटनर को सीमित ओवर प्रारूपों (वन-डे और ट्वेंटी-20) के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। वह केन विलियमसन की जगह लेंगे, विलियमसन ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के बाद कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था। बोर्ड ने कहा कि 243 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके सेंटनर वन-डे और ट्वेंटी-20 टीम की कमान संभालेंगे। सेंटनर को 24 ट्वेंटी-20 और 4 वन-डे मैचों में कप्तानी करने का अनुभव है। वे चैम्पियंस ट्रॉफी-2025 में भी टीम की कमान संभालेंगे।

भारतीय महिला टीम ने पांच वर्ष बाद जीती ट्वेंटी-20 सीरीज

मुंबई, भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांच वर्ष बाद अपने घरेलू मैदान में ट्वेंटी-20 सीरीज जीती है। भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को 2-1 से जीत लिया है। सीरीज के तीसरे और निर्णायक मैच में भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 60 रन से हराया।

मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 217 रन बनाये। भारत के लिए ओपनिंग बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 47 गेंदों में 77 रनों की शानदार पारी खेली, वहीं रिचा घोष ने 21 गेंदों में 54 रनों की आक्रामक पारी खेलकर भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। इनके अलावा जेमिमाह रोड्रिग्ज (39) और राघवी बिष्ट (31) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम को हीली मैथ्यू (22) और डिएंड्रा डॉटिन (25) ने अच्छी शुरुआत दिलाई, लेकिन इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद वेस्टइंडीज की पारी

लड़खड़ा गई। हालांकि अंतिम ओवरों में सिनेली हेनरी ने 16 गेंदों में 43 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 157 रन ही बना सकी, इस तरह भारतीय टीम ने यह मैच 60 रनों से जीत लिया।

- **भारतीय टीम ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया।**
- **इससे पहले भारतीय टीम ने इस वर्ष जुलाई में यूएई के खिलाफ 201 रन बनाए थे।**
- **भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने पांच वर्ष बाद अपने घरेलू मैदान पर ट्वेंटी-20 सीरीज जीती है।**

भारतीय टीम में अश्विन की जगह तनुश कोटियन शामिल

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मुंबई के बॉलिंग ऑलराउंडर तनुश कोटियन को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया है। उन्होंने टीम में रविचंद्रन अश्विन की जगह ली। अश्विन ने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया है। तनुश भी अश्विन की तरह स्पिन गेंदबाजी करने के अलावा बल्लेबाजी करने में सक्षम हैं। तनुश इससे पहले भारत-ए टीम का हिस्सा भी थे, जिसने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था। इस दौर पर उन्होंने 44 रनों की पारी खेली थी।

बेन स्टोक्स चोट के कारण तीन महीने क्रिकेट से बाहर

लंदन, इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग में चोट के कारण कम से कम तीन महीने के लिए क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बताया कि बेन स्टोक्स पिछले सप्ताह न्यूजीलैंड के विरुद्ध तीसरे टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हो गए थे, उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लगी है, वह अगले महीने हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाएंगे।

दुबई में खेला जाएगा भारत और पाकिस्तान के बीच महा-मुकाबला

दुबई, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान के बीच महा-मुकाबला 23 फरवरी को खेला जाएगा। यह मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। दरअसल अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के मैचों की मेजबानी के लिए दुबई को न्यूट्रल स्थल के रूप में चुना है। आईसीसी ने चैम्पियंस ट्रॉफी के आधिकारिक शेड्यूल का ऐलान कर दिया है, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी को होगा जबकि फाइनल मैच 9 मार्च को होगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी और यूएई के मंत्री शेख नाहयान अल मुबारक के बीच टूर्नामेंट में भारत के मुकाबलों के संबंध में बैठक हुई। इस बैठक में भारत के मुकाबलों का कार्यक्रम घोषित किया गया। बैठक में बताया गया कि भारत का पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से होगा। इसके बाद टीम इंडिया 23 फरवरी को पाकिस्तान से तथा 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी।

भारत के सभी मुकाबले दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी-2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन बीसीसीआई ने टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम को पाकिस्तान की यात्रा करने की अनुमति नहीं दी।

भारत करेगा आईएसएसएफ जूनियर विश्वकप की मेजबानी

नई दिल्ली, भारत को वर्ष 2025 में आईएसएसएफ निशानेबाजी जूनियर विश्वकप की मेजबानी सौंपी गई है। इसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने बताया कि वर्ष 2023 में भोपाल में आयोजित सीनियर निशानेबाजी विश्वकप और इस वर्ष की शुरुआत में आयोजित हुए निशानेबाजी विश्वकप फाइनल के बाद यह तीसरा शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी विश्वकप टूर्नामेंट होगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव के. सुल्तान सिंह ने बताया कि अभी इस टूर्नामेंट की तारीखों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है।

फीफा इंटर-कॉन्टिनेंटल कप

स्पेनिश क्लब रियल मैड्रिड ने जीता खिताब

लुसैल, स्पेन के फुटबॉल क्लब रियल मैड्रिड ने फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब जीत लिया है। फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का यह पहला संस्करण है। टूर्नामेंट के फाइनल में रियल मैड्रिड ने मैक्सिको के फुटबॉल क्लब एफसी पचुका को 3-0 से हराया।

फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप छह प्रमुख फुटबॉल संघों की टीमों के बीच में खेला जाने वाला टूर्नामेंट है। इस टूर्नामेंट में सभी छह फुटबॉल संघों की चैम्पियंस लीग की विजेता टीमों ने हिस्सा लिया था। यूएफा चैम्पियंस लीग का मौजूदा चैम्पियन होने की वजह से रियल मैड्रिड ने सीधे फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, जबकि एफसी पचुका ने दो क्वालिफायर मुकाबले जीतकर

- **इस जीत के साथ एंसेलोटी क्लब फुटबॉल इतिहास के सबसे सफल कोच बन गए हैं।**
- **एंसेलोटी ने कोच रहते हुए रियल मैड्रिड को जिताया 15वां खिताब।**
- **पांच बार यूएफा चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाले एकमात्र कोच हैं एंसेलोटी।**

फाइनल में जगह बनाई थी।

स्टार खिलाड़ियों से सजी रियल मैड्रिड क्लब के सामने एफसी पचुका की टीम बेहद साधारण रही। फाइनल मैच में पूरे समय रियल मैड्रिड का दबदबा रहा। रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल फ्रांसीसी स्टार खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के 37वें मिनट में किया, जबकि मैच के 53वें मिनट में रोड्रिगो ने तथा 84वें मिनट में विनिसियस ने गोल कर रियल मैड्रिड को 3-0 से जीत दिलाई। रियल मैड्रिड ने तीन बार इंटरकॉन्टिनेंटल कप भी जीता है। इंटरकॉन्टिनेंटल कप वर्ष 1960 से 2004 तक आयोजित किया गया था, इसके बाद इसे खत्म कर दिया गया था। अब इसे फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप के नाम से रिलॉन्च किया गया है।

जोआओ फोंसेका ने जीता नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स खिताब

जेद्दा, ब्राजील के युवा टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोंसेका नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स के चैम्पियन बन गए हैं। फोंसेका ने टूर्नामेंट के फाइनल में अमेरिका के 19 वर्षीय खिलाड़ी लर्नर टिएन को 2-4, 4-3 (10-8), 4-0, 4-0 से हराया। मैच में टिएन ने पहला सेट 4-2 से अपने नाम कर मैच में शुरुआती बढ़त बनाई। इसके बाद फोंसेका ने जबरदस्त वापसी की और दूसरा सेट टाइब्रेकर में ले गए। टाइब्रेकर में फोंसेका 10-8 से विजयी रहे। फोंसेका ने इसके बाद अगले दोनों सेट आसानी से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। 18 वर्षीय फोंसेका यह खिताब जीतने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। फोंसेका से पहले

जेनिक सिनर वर्ष 2019 में 17 वर्ष की आयु में यह खिताब जीत चुके हैं। उल्लेखनीय है कि अब तक तीन खिलाड़ी ही 18 वर्ष या उससे कम आयु में यह खिताब जीत चुके हैं, इनमें सिनर और फोंसेका के अलावा कार्लोस अलकराज शामिल हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

उत्तर कोरिया प्रमुख ने किया बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने जुलाई में आई बाढ़ के बाद पुनर्निर्मित आवासों के पूरा होने के अवसर पर हुए समारोह में भाग लिया। देश की उत्तरी सीमा के पास अमनोक नदी के किनारे के इलाकों में भयंकर बाढ़ के बाद से पुनर्निर्माण के प्रयास चल रहे हैं। आपदा में कई लोग मारे गए और लापता हुए थे। किम ने कई बार बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण किया है, जबकि 15 हजार से अधिक पीड़ितों को प्योंगयांग में स्थानांतरित किया गया है। अपने भाषण में किम ने साल के अंत में ठंड के मौसम के कारण घरों के पुनर्निर्माण में देरी के लिए माफी मांगी। उन्होंने बाढ़ को मानव निर्मित आपदा बताते हुए इसके लिए देश की शिथिल आपदा निवारण एजेंसियों और श्रमिकों को जिम्मेदार ठहराया।

जर्मनी में क्रिसमस बाजार में हुए हमले में सात भारतीय घायल

जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस बाजार में हुए भयानक हमले में घायल हुए लोगों में सात भारतीय भी शामिल हैं। हमले में एक 9 वर्षीय बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 200 घायल हो गए। जर्मनी में भारतीय मिशन घायलों और उनके परिवारों के साथ समन्वय कर रहा है, ताकि सहायता और सहयोग सुनिश्चित किया जा सके। 50 वर्षीय सऊदी नागरिक के मैगडेबर्ग के सिटी हॉल के पास भीड़ भरे क्रिसमस बाजार में काले रंग की बीएमडब्ल्यू कार तेज रफ्तार से चलाने से यह हादसा हुआ। कार बाजार में लोगों को रौंदती रही जब तक कि पुलिस द्वारा उसे रोका नहीं गया।

अल्बानिया ने टिकटॉक को एक साल के लिए किया बंद

अल्बानिया के प्रधानमंत्री ने बच्चों में हिंसा को बढ़ावा देने के कारण टिकटॉक को एक साल के लिए बंद करने का फैसला किया है। अल्बानियाई अधिकारियों ने नवंबर के मध्य में टिकटॉक पर शुरू हुए झगड़े के बाद एक किशोर की दूसरे किशोर द्वारा चाकू घोंपकर हत्या किए जाने की घटना के बाद शिक्षकों और अभिभावकों के साथ 1,300 बैठकें कीं। प्रधानमंत्री एडी रामा ने बैठक में कहा कि टिकटॉक सभी के लिए पूरी तरह से बंद किया जाएगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत में 'हला मोदी' कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को किया संबोधित

भारत और कुवैत के बीच सभ्यता, समुद्र और वाणिज्य का है गहरा रिश्ता - प्रधानमंत्री

- 43 वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने की कुवैत की यात्रा।
- भारत और कुवैत हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं।
- भारत कुशल प्रतिभाओं की वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए सुसज्जित है।
- भारत में स्मार्ट डिजिटल प्रणाली अब विलासिता की वस्तु नहीं रह गयी।
- यह आम आदमी के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन गयी है।
- भविष्य का भारत वैश्विक विकास का केंद्र होगा, दुनिया का विकास इंजन होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का कुवैत पहुंचने पर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कुवैत के शेख साद अल-अब्दुल्ला इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कार्यक्रम 'हला मोदी' में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में कुवैत के विभिन्न समुदायों के भारतीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय समुदाय ने भारत-कुवैत संबंधों को बहुत समृद्ध किया है। भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कुवैत के महामहिम अमीर को उनके विनम्र निमंत्रण के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि 43 वर्षों के बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री सदियों पुरानी मित्रता को और मजबूत करने के लिए कुवैत की यात्रा कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कुवैत के विकास में समुदाय की कड़ी मेहनत, उपलब्धि और योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इसे स्थानीय सरकार और समाज द्वारा व्यापक रूप से मान्यता दी गई है। प्रधानमंत्री ने कुवैत और खाड़ी के अन्य स्थानों में भारतीय श्रमिकों को समर्थन देने के लिए भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करते हुए सरकार द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-आधारित पहलों, जैसे ई-माइग्रेट पोर्टल की जानकारी दी।

अरेबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में हुए शामिल

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, कुवैत के अमीर, महामहिम शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के निमंत्रण पर 26वें अरेबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कुवैत के नेतृत्व के साथ अनौपचारिक वार्तालाप भी किया। उल्लेखनीय है कि कुवैत जीसीसी देशों, इराक और यमन सहित आठ देशों की भागीदारी के साथ द्विवार्षिक अरेबियन गल्फ कप की मेजबानी कर रहा है।

दोनों देशों के बीच नई साझेदारी को बढ़ावा

प्रधानमंत्री ने भारत के विश्वबंधु यानी दुनिया का मित्र, दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने भारत की तीव्र प्रगति और परिवर्तन, विशेष रूप से प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और सतत विकास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के अलावा, भारत फिनटेक में वैश्विक अग्रणी देश है, स्टार्ट-अप क्षेत्र में तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति है और दुनियाभर में सबसे अधिक डिजिटल रूप से जुड़े समाजों में से एक है। प्रधानमंत्री ने वित्तीय समावेश, महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास और समावेशी विकास जैसी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साथ ही विकसित भारत और नए कुवैत की दोनों देशों की साझा आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करते हुए,कहा कि भारत और कुवैत के एक साथ काम करने के कई अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत की कौशल क्षमता और नवाचार दोनों देशों के बीच नई साझेदारी को बढ़ावा दे सकते हैं। प्रधानमंत्री ने प्रवासी सदस्यों को जनवरी 2025 में भारत में आयोजित होने वाले प्रवासी भारतीय दिवस और महाकुंभ में भाग लेने का निमंत्रण दिया।

म्यांमार में सैन्य कमान पर अराकान आर्मी का कब्जा

म्यांमार में सैन्य शासन वाली जुंटा सेना को बड़ा झटका लगा है। देश के विद्रोही समूह अराकान आर्मी ने रखाइन राज्य में एक क्षेत्रीय सैन्य कमान पर कब्जा कर लिया है। अराकान आर्मी ने टेलीग्राम चैनल पर एक बयान में कहा कि कई हफ्तों की लड़ाई के बाद एक कमान 'ऐन' पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। बीते पांच महीने में जातीय विद्रोहियों के कब्जे में जाने वाली यह दूसरी क्षेत्रीय कमान होगी। इसे म्यांमार की सेना के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है।

म्यांमार की सेना के पास देश में 14 क्षेत्रीय कमांड हैं, जिनमें से कई वर्तमान में जातीय विद्रोही समूहों या पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज से लड़ रही हैं। म्यांमार की सेना ने साल 2021 में चुनी हुई सरकार का तख्तापलट करते हुए सत्ता पर कब्जा कर लिया था, जिसके खिलाफ जातीय समूहों ने लड़ाई छेड़ रखी है। इनमें एक समूह अराकान आर्मी है, जिसने रखाइन प्रांत में जुंटा सेना को बड़ी क्षति पहुंचाई है। रखाइन प्रांत रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ हिंसा को लेकर चर्चा में रहा है।

पिछले साल नवम्बर में अराकान आर्मी ने सुरक्षा बलों पर हमला शुरू किया था, जिसके बाद से रखाइन राज्य में लड़ाई चल रही है। अराकान आर्मी के लड़ाकों ने रखाइन राज्य के बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इस राज्य में चीन और भारत के समर्थन से बंदरगाह परियोजनाएं चल रही हैं।

कनाडा से चीन भी हुआ नाराज

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के लिए हालात ठीक होते नजर नहीं आ रहे हैं। विदेश नीति में बैकफुट पर जा रहे कनाडा को अब चीन ने भी झटका दिया है। चीन ने घोषणा की है कि वह कनाडा के दो संगठनों और 20 लोगों पर उइगर और तिब्बत से संबंधित मामलों में शामिल होने के लिए प्रतिबंध लगा रहा है।

चीन के विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि इन नागरिकों और संगठनों पर यह प्रतिबंध प्रभावी हो गया है। प्रतिबंधों के तहत चीन ने इन संगठनों की चल और अचल संपत्तियों को जब्त कर लिया है, जबकि उन नागरिकों के चीन में प्रवेश को प्रतिबंधित कर दिया है। इनमें शामिल 15 लोग उइगर समूह के मामलों से जुड़े हुए थे जबकि 5 लोग तिब्बत समूह के लिए काम कर रहे थे।

कनाडा के संगठन लगातार चीन सरकार के खिलाफ अत्याचार का आरोप लगा रहे थे। इनका आरोप था कि शिनजियांग में चीन सरकार ने करीब 10 लाख मुस्लिमों को हिरासत में ले रखा है और इन बंदियों से जबरन श्रम करवाया जाता है। इन्हें राजनीतिक शिक्षा के अलावा कई बार यौन शोषण का भी शिकार बनाया जाता है।

मलेशिया एयरलाइंस का विमान MH 777

फिर शुरू होगी 2014 में गायब हुए मलेशियाई विमान की खोज

दस साल पहले लापता हुए मलेशिया एयरलाइंस के विमान MH 777 को लेकर एक बार फिर से खोजी अभियान शुरू होने वाला है। 8 मार्च 2014 को मलेशिया की राजधानी से बीजिंग के लिए उड़ान भरने वाला यह विमान आज भी दुनिया के लिए सबसे बड़ा रहस्य बना हुआ है। इस विमान में क्रू समेत कुल 239 लोग सवार थे।



रडार से गायब होने के बाद इस विमान को लेकर खोजी अभियान शुरू किये गए। सैटेलाइट डेटा एनालिसिस के आधार पर निकलकर सामने आया कि विमान संभवतः पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया तट से दूर दक्षिणी हिंद महासागर में कहीं दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि तमाम खोजों के बाद भी इसके बारे में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई।

रिपोर्ट्स के मुताबिक कुआलालंपुर से बीजिंग के लिए उड़ान भरने के लगभग 40 मिनट बाद यह विमान रडार से गायब हो गया। वियतनामी क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद कैप्टन का अंतिम संदेश था कि शुभ रात्रि मलेशियाई तीन सात शून्य इसके साथ ही कैप्टन ने ट्रांसपोंडर बंद कर दिया, जिसका मतलब था कि इसे आसानी से ट्रैक नहीं किया जा सकता था।

नहीं मिला था कोई नामो-निशान

चीन और ऑस्ट्रेलिया ने मलेशिया के साथ मिलकर पानी में विमान की खोज शुरू की। 143 मिलियन डॉलर खर्च कर ढाई साल में 120,000 वर्ग मील समुद्र में विमान का कोई नामो-निशान नहीं मिला। जनवरी 2017 में यह खोज बंद कर दी गई। मलेशियाई सरकार ने एक अमेरिकी कंपनी के साथ "NO-CURE, NO-FEE" करार किया। इसका मतलब था कि कंपनी समुद्री क्षेत्र में विमान को ढूंढेगी लेकिन उसको पैसा तभी मिलेगा जब विमान का कोई सबूत मिलेगा।

अमेरिका बना रहा अगली पीढ़ी के फाइटर जेट

अमेरिकी वायु सेना के लिए अगली पीढ़ी के लड़ाकू विमान बनाने का रास्ता खुल गया है। अमेरिका की वायु सेना के एक आंतरिक विश्लेषण के बाद नेक्स्ट जनरेशन एयर डोमिनेंस (NGAD) कार्यक्रम के तहत मानवयुक्त छठी पीढ़ी के फाइटर जेट की आवश्यकता को मंजूरी मिल गई है। ब्रेकिंग डिफेंस की रिपोर्ट में बताया गया कि आंतरिक विश्लेषण ने अगली पीढ़ी के फाइटर जेट प्रोग्राम को मंजूरी दे दी है। रिपोर्ट में एयर फोर्स सेक्रेटरी फ्रैंक केंडल के हवाले से इसकी पुष्टि की गई है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।